दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। शनिवार 23 नवंबर-2024 ● वर्ष: 9 अंक: 330 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य: ₹3

# विधानसभा उपचुनाव की मतगणना आज, अधिकारियों ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

## सुबह 8 बजे से शुरू होगी शहर सीट की काउंटिंग, 507 ईवीएम मशीनों में कैद है 14 प्रत्याशियों का चुनावी भाग्य

**गाजियाबाद , करंट क्राइम ।** शहर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव की मतगणना शनिवार 23 नवंबर को सुबह 8 बजे से गोविंदपुरम स्थित अनाज मंडी में शुरू होगी। उपचुनाव की मतगणना के लिए चीफ रिटर्निंग ऑफिसर इन्द्र विक्रम सिंह ने शुक्रवार को जहां मंडी गोविंदपुरम का निरीक्षण किया, व्यवस्थाओं का जायजा लिया। तो इससे पहले उन्होंने गुरुवार को भी देर रात व्यवस्थाओं और सीसीटीवी की निगरानी देखी थी। वहीं पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र के साथ ही कमिश्नरेट सिस्टम के अधिकारियों ने भी यहां की ट्रैफिक व्यवस्था से लेकर सुरक्षा व्यवस्था और अन्य तैयारी का जायजा लिया है।

शनिवार को सुबह 8 बजे से विधानसभा उपचुनाव सदर सीट के परिणाम घोषित करने के लिए मतगणना शुरू होगी। पहले वैलेट पेपर के मत गिने जाएंगे। फिर ईवीएम मशीन से चुनाव परिणाम की गणना कर घोषणा होगी।



### सुरक्षा के रहेंगे पूरे इंतजाम



### 11 बजे तक स्थिति हो जाएगी क्लियर और एक बजे तक आ जाएगा पूरा परिणाम

**करंट क्राइम ।** अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार शहर विधानसभा सीट पर लगभग 153000 के आसपास मतदाताओं ने अपने वोटिंग का इस्तेमाल किया था। जिसमें कुल 507 ईवीएम मशीनों में गाजियाबाद विधानसभा शहर सीट पर किस्मत का आजमा रहे 14 प्रत्याशियों के बारे में पता चल जाएगा, कौन विजयी हुआ और किसको कितने वोट पड़े हैं। किसका पलडा भारी रहा और कौन जमानत जप्त करवा गया। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार सुबह 11 बजे तक यह स्थिति क्लियर हो जाएगी कि शहर सीट विधानसभा का अगला विधायक कौन होगा। तो वही 1 बजे तक पूरा परिणाम घोषित कर दिया जाएगा, ऐसी अधिकारियों को उम्मीद है।

### मोबाइल, लाइटर और ड्रोन पर रोक



**करंट क्राइम।** आज शहर विधानसभा सीट पर मतगणना होनी है मतगणना का स्थल गोविंदपुरम सब्जी मंडी रहेगा । इस बार प्रमुख एंट्री गेट नंबर 2 से रहेगी। तो वहीं वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था एनडीआरएफ के अलग मुख्य मैदान में की गई है, जो डीडीपीएस स्कूल गोविंदपुरम निकट बनाया गया ताकि अधिकारियों से लेकर नेताओं और मीडिया से लेकर ड्यूटी में आने वाले लोगों को परेशानी ना हो। इसके साथ ही मतगणना स्थल पर जाने वाले लोगों को डोर मैटर फ्रेम डिटेक्टर से होकर गुजरना पड़ेगा। इस दौरान किसी भी प्रकार का कैमरा ,मोबाइल, लाइटर, सिगरेट और इलेक्ट्रॉनिक सामान ले जाने की अनुमति नहीं रहेगी। वही मतगणना को लेकर बड़ी संख्या में पुलिस बल के अलावा आईपीएस, पीपीएस और थाना प्रभारी स्तर के अधिकारियों को ड्यूटी पर लगाया गया है। साथ ही केंद्रीय सुरक्षा बलों के रूप में सीआईएसएफ, आरआरएफ, पीएसी व बड़ी संख्या में रिजर्व पुलिस बल को भी मुस्तेद किया गया है।

# अधिवक्ताओं की हड़ताल का 25वां दिन आज, 14 महिला अधिवक्ता संभालेंगी धरने की कमान

## शनिवार को भी रहेगी अधिवक्ताओं की हड़ताल

**गाजियाबाद , करंट क्राइम ।** गाजियाबाद कचहरी के कोर्ट रूम में 29 अक्टूबर को अधिवक्ताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया था और तब से लेकर लगातार अधिवक्ता आंदोलन हड़ताल पर है। अधिवक्ताओं की गाजियाबाद सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश और प्रदेश के कई जिलों में जारी हड़ताल को 25 दिन का समय आज पूरा हो गया है। शनिवार को आंदोलन की कमान व मंच संचालन से लेकर पूरे दिन की भूमिका और प्रक्रिया को संचालित करने का काम महिला अधिवक्ता करेगी । इसके लिए बार एसोसिएशन गाजियाबाद के पदाधिकारियों ने 14 अधिवक्ताओं की एक टीम का नाम जारी किया है। बता दें की बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा और सचिव अमित नेहरा ने कहा है कि जब तक जिला जज अनिल सिंह दशम को हटाया नहीं जाता है, अधिवक्ताओं का आंदोलन और प्रदर्शन जारी रहेगा।





### आज यह महिला अधिवक्ता संभालेंगी आंदोलन की कमान

**करंट क्राइम ।** बार एसोसिएशन गाजियाबाद के पदाधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार 23 नवंबर को होने वाले सुबह 10 बजे से 4 बजे तक अधिवक्ताओं के आंदोलन की कमान महिला अधिवक्ता संभालेगी। इसमें मुख्य रूप से शबनम खान ,प्राची प्रियंका, किरण शर्मा, नीलम श्रीवास्तव ,सुनीता वर्मा, श्रद्धा चौहान ,वंदना सेंगर ,अर्चना त्यागी ,खुशनुमा, हिमांशी सक्सेना ,प्रीति ,अर्चना-गौड, रोमगीता, पूनम गुप्ता महिलाअधिवक्ता के रूप में बार एसोसिएशन गाजियाबाद के धरने प्रदर्शन को संचालित करने का काम करेंगी।

### 29 नवंबर को होगा लखनऊ में हाई कोर्ट का घेराव

**करंट क्राइम ।** गाजियाबाद में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में बीते 25 दिनों से अधिवक्ता प्रदर्शन और आंदोलन चला रहे हैं। अब गाजियाबाद बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पूरे प्रदेशभर के अधिवक्ताओं को एकजुट करते हुए 29 नवंबर को एक माह पूरा होने पर हाई कोर्ट में घेराव की तैयारी की है। इसके लिए अलग-अलग जिलों से समर्थन और आंदोलन में शामिल होने के लिए वकीलों की लिस्ट लंबी हो रही है।

# मतगणना के चलते कई मार्गों पर यातायात रहेगा बाधित , रूट किया डायवर्जन




**आज सुबह छह बजे से मतगणना पूरी होने तक सभी प्रकार के वाहनों का संचालन रहेगा बंद**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आज शहर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव की मतगणना गोविंदपुरम मंडी में है। मतगणना की वजह से पुलिस ने रूट डायवर्जन करने का निर्णय लिया है। शनिवार सुबह छह बजे से मतगणना पूरी होने तक पीएनबी बैंक तिराहा गोविंदपुरम से डीडीपीएस के मध्य और गोविंदपुरम पुलिस चौकी से कनक फॉर्म हाउस तिराहा के मध्य सभी प्रकार के वाहनों का संचालन बंद रहेगा।

### पी-01 में खड़े होंगे जनप्रतिनिधियों के वाहन

**करंट क्राइम ।** मतगणना में आने वाले जनप्रतिनिधियों व प्रत्याशियों को एनडीआरएफ कट से मुड़कर एनडीआरएफ ग्राउंड में बनाई गई पार्किंग पी-1 में वाहनों को पार्क कर पैदल डीडीपीएस तिराहा से होकर नवीन अनाज मंडी गेट नं-2 से अंदर जाने की अनुमति होगी। अभिकर्ता (एजेंट) एनडीआरएफ कट से मुड़कर एनडीआरएफ ग्राउंड में बनाई गयी पार्किंग पी-2 में वाहनों को पार्क कर पैदल डीडीपीएस तिराहा होकर नवीन अनाज मण्डी गेट नंबर-2 से प्रवेश करेंगे।

### पी-05 में खड़े किए जाएंगे मीडिया कर्मियों के वाहन

**करंट क्राइम ।** मतगणना कर्मचारियों को पार्किंग पी-3 में वाहनों को पार्क कर पैदल डीडीपीएस तिराहा होकर नवीन अनाज मण्डी गेट नंबर-2 से प्रवेश करेंगे। पुलिसकर्मी पार्किंग पी-4 में वाहनों को पार्क कर जाएंगे। मीडिया कर्मी पार्किंग पी-5 में वाहनों को पार्क कर पैदल डीडीपीएस तिराहा से होकर नवीन अनाज मंडी गेट नंबर-2 से प्रवेश करेंगे। पासधारक जनप्रतिनिधि, पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था डीडीपीएस में बनाई गई पार्किंग पी-6 में की गई है।

# 24 टेबल, 25 राउंड और दोपहर डेढ़ बजे तक आ जाएगा नतीजा

**- सुबह साढ़े आठ बजे से शुरू होगी ईवीएम वाले वोटों की मतगणना गोविंदपुरम अनाज मंडी में**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर विधानसभा उपचुनाव का नतीजा आज घोषित होगा। निर्वाचन विभाग ने मतगणना को लेकर व्यापक तैयारी की है। जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह के नेतृत्व में सभी टीमों ने अपनी कार्यप्रणाली को इस तरह से रखा है कि निष्पक्ष और पारदर्शी मतगणना हो। किसी भी प्रकार की कोई शंका ना हो। मतगणना के लिये निर्वाचन विभाग की टीमें तैयार हैं। आज मतगणना का नतीजा गोविंदपुरम अनाज मंडी में बने मतगणना स्थल से आएगा। शहर विधानसभा के उपचुनाव की मतगणना के लिये 24 टेबल लगाई गईं।



21 टेबल पर ईवीएम से मतगणना होगी। एक टेबल पर पोस्टल बैलेट के वोट गिने जाएंगे। एक टेबल पर स्केनिंग का प्रावधान है और एक टेबल रिटर्निंग ऑफिसर के लिये रखी गई है। बताया जाता है कि यहां 21 टेबलों की मतगणना के लिए 25 राउंड होंगे। मतगणना सुबह आठ बजे शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी और फिर उसके बाद साढ़े आठ बजे ईवीएम वाली मतगणना शुरू हो जाएगी। उम्मीद जताई जा रही है कि लगभग तीन से चार घंटे के भीतर शहर विधानसभा उपचुनाव की मतगणना पूरी हो जाएगी और दोपहर एक से डेढ बजे तक चुनाव का नतीजा आ जाएगा।

### सीनियर सिटीजन के 87 वोट और पोस्टल बैलेट से मिले हैं 42 वोट

इस बार पोस्टल बैलेट की केटेगरी में वो वोट भी शामिल हुए हैं जो चुनाव आयोग के निर्देश पर उन वरिष्ठ नागरिकों ने दिये थे जो चलने या सुनने में असमर्थ हैं। जिनकी आयु अधिक हो चुकी है। इस श्रेणी में वो नागरिग थे जो 80 से 90 वर्ष या उससे भी अधिक आयु के हैं। निर्वाचन विभाग की टीमों ने पूरी पारदर्शिता का पालन करते हुए इन वरिष्ठ नागरिकों के घर जाकर मतदान कराया था। ये प्रक्रिया मुख्य मतदान से पहले ही संपन्न कराई गई थी। शहर विधानसभा में ऐसे 87 मतदाताओं ने मतदान किया है। ये मतदान भी पोस्टल बैलेट की श्रेणी में आता है। इसके अलाव मतदान की दूसरी प्रक्रिया सेना के लिये होती है। शहर विधानसभा में रहने वाले ऐसे सैनिक जिनकी तैनाती सुदूर है उनका वोट डाक के जरिए आता है और इसे पोस्टल बैलेट कहते हैं। ये आर्मी वालों को भेजा गया था और 42 ऐसे पोस्टल बैलेट मतदान प्राप्त हुए हैं। सुबह सबसे पहले पोस्ट बैलेट की गणना होगी। ये सुबह आठ बजे शुरू हो जाएगी और इन वोटों की गिनती के बाद ही ईवीएम वाली मतगणना शुरू होगी।

# अखिलेश यादव का गाजियाबाद के सपाईयों को निर्देश काउंटिंग में डटे रहें आज समाजवादियों के फेस



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव चुनाव के नतीजों से अलग अपने कार्यकर्ताओं में एक चुनावी मोड का संचार कर रहे हैं। उनके जो आदेश मतगणना को लेकर सपाईयों के लिए आये हैं वो इसी का इशारा कर रहे हैं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को, नेताओं को निर्देश दिये हैं कि आज यानी 23 नवंबर 2024 को सभी सपा नेता एवं कार्यकर्ता गोविन्दपुरम में मतगणना स्थल अनाज मंडी के सामने मौजूद रहेंगे। सभी कार्यकर्ताओं को कहा गया है कि वो शनिवार को सुबह 7 बजे अधिक से अधिक संख्या में अनिवार्य रूप से मतगणना स्थल के सामने पहुंचे और इंडिया गठबंधन प्रत्याशी का उत्साहवर्धन करें और सम्मान बढ़ायें। जिन पदाधिकारियों को ये निर्देश दिये गये हैं उनमें समाजवादी पार्टी जनपद गाजियाबाद के जिलाअध्यक्ष/महानगर अध्यक्ष/ राष्ट्रीय कार्यकारणी के सभी पदाधिकारी गण एवं प्रदेश कार्यकारणी के सभी पदाधिकारी गण पूर्व जिला एवं महानगर अध्यक्ष / जिला एवं महानगर महासचिव / उपाध्यक्ष / कोषाध्यक्ष / सचिव / सदस्य कार्यकारिणी/ विधानसभा अध्यक्ष/ ब्लॉक अध्यक्ष / मा0 विधायक /मा0 विधान परिषद सदस्य /वर्ष 2022 के विधानसभा प्रत्याशी / ब्लॉक प्रमुख/पार्षद/पूर्व पार्षद/ चेयरमैन / जोन प्रभारी / सेक्टर प्रभारी / बूथ अध्यक्ष/सभी प्रकोष्ठों के जिला एवं महानगर अध्यक्ष/नगर अध्यक्ष एवं प्रमुख नेतागण /समस्त कार्यकर्ता शामिल हैं।

# भाजपा चुनाव कार्यालय में हो गई नए विधायक के स्वागत की तैयारी

**- मंच हो जाएगा तैयार और बंटेगा सब्जी, पूरी, हलवे का प्रसाद**



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक बार फिर भाजपा अपनी जीत को लेकर आसावान है। मतगणना की पूर्व संध्या पर उम्मीद के ये बादल अपने उम्मीदवार को लेकर पूरी तरह होपफुल दिखाई दिये। नवयुग मार्किट में बनाए गये भाजपा चुनाव कार्यालय पर ये नजारा दिखाई दिया। जिस तरह लोकसभा चुनाव के नतीजे से पहले ही कढ़ाई चढ़ गई थी उसी तरह विधानसभा उपचुनाव के नतीजे आने से पहले भाजपा वालों ने तैयारी कर ली है। सबसे खास बात ये है कि भाजपा कार्यकताओं को नवयुग मार्किट स्थित चुनाव कार्यालय पर बुलाया गया है। बताया जाता है कि यहां टीक वैसा ही मंच बनेगा जैसा लोकसभा चुनाव में अतुल गर्ग की जीत के बाद बना था। आज सुबह इधर मतगणना शुरू होगी और उधर ये मंच बनना तैयार हो जाएगा। मतगणना के आखिरी राउंड तक आते आते मंच पर लाइट और साउंड का सिस्टम तैयार हो जाएगा। आज सुबह ये मंच बनेगा। इसके अलावा भगवा भंडारे की तैयारी में हलवाई लग गए हैं। नवयुग मार्किट वाले वेन्यू पर खाने का मेन्यू भी तैयार हो गया है। बताया जाता है कि यहां पर भगवा भंडारे का प्रसाद होगा। जिसमें आलू की सब्जी, पूडी और हलवा तैयार हो रहा है।

### टिकट से पहले, टिकट के बाद मतदान से पहले और मतगणना के बाद भगवा कमांडर है पूरी तरह से बाबा दूधेश्वरनाथ की शरण में उनके द्वार

शहर विधानसभा में उपचुनाव हुआ है और यहां राम वाले पूरी तरह से शिवमय हैं। भगवा कमांडर यानी संजीव शर्मा टिकट से पहले दूधेश्वर बाबा के द्वार आए। उन्होंने यहां भागवत कथा कराई और फिर कुछ ऐसा हुआ कि उनका टिकट हो गया। टिकट घोषित होते ही संजीव शर्मा ने फिर दूधेश्वरनाथ मंदिर में माथा टेका और सभी का आभार व्यक्त किया। नामांकन पत्र दाखिल करने के पहले वो भोलेनाथ की शरण में पहुंचे और माथा टेका और उसके बाद नामांकन पत्र दाखिल करने गए। जब मतदान का दिन आया तो फिर संजीव शर्मा ने दूधेश्वरनाथ के दर पर अपना माथा टिकाया। वो सुबह ही यहां सबसे पहले पूजा अर्चना करने पहुंचे, जलाभिषेक किया और फिर वो मतदान की तिथि देखने के लिये क्षेत्र में पहुंचे। आज जब मतगणना शुरू होगी, चुनाव का नतीजा आएगा तो संजीव शर्मा मतगणना स्थल पर पहुंचने से पहले सुबह सवेरे ही श्री दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पहुंचेगे और यहां पूजा अर्चना करने के बाद वो मतगणना स्थल के लिये रवाना होंगे। ये एक शुभ संयोग रहा है कि इस पूरी चुनावी यात्रा पर संजीव शर्मा जहां भोले शंकर के चरणों में माथा टेक रहे हैं।

# महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश झारखंड के नतीजे आज

**नई दिल्ली।** इंतजार की घड़ियां खत्म होने ही वाली हैं। आज यानी शनिवार की सुबह 8 बजे से महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और झारखंड के नतीजे आने शुरू हो जाएंगे और साफ हो जाएगा कि सत्ता का ताज किसके सिर सज रहा है। महाराष्ट्र में बीजेपी, शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजीत पवार गुट) का गठबंधन महायुति राज्य में सत्तासीन है। इनका मुकाबला शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) तथा कांग्रेस के गठबंधन महा विकास अघाड़ी से हुआ। महाराष्ट्र को लेकर जो भी एग्जिट पोल्स सामने आए हैं उसमें महायुति गठबंधन को बहुमत मिलने का अनुमान जताया गया है, लेकिन कइयों ने महाविकास अघाड़ी और महायुति में कांटे की टक्कर की बात भी कही है। एग्जिट पोल्स कुछ भी कहें लेकिन सत्ता का ऊंट किस करवट बैठेगा ये तो पुख्ता तौर पर नतीजों के बाद ही साफ होगा। वैसे, इस बार का चुनाव बेहद खास है क्योंकि बीते 30 सालों में इस बार विधानसभा चुनाव का वोटिंग प्रतिशत 65 ।1 यानी सबसे ज्यादा रहा है। बता दें कि महाराष्ट्र में कुल 288 सीटें हैं और बहुमत के लिए 145 सीटों की जरूरत है।

### यूपी की इस सीट पर सबसे पहले आएगा परिणाम, उपचुनाव का काउंट डाउन शुरू

**करंट क्राइम।** यूपी उपचुनाव की वोटिंग के बाद अब मतदान के रिजल्ट पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। कम वोटिंग प्रतिशत ने हालांकि सभी दलों की चिंता बढ़ा दी है लेकिन भाजपा की जीती तीनों सीटों पर सबसे कम वोटिंग के अलग-अलग मायने निकाले जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए मतगणना आज सुबह 8 बजे से चालू हो जाएगी। मझवां( मिजार्पुर), करहल (मैनपुरी), मीरापुर (मुजफ्फरनगर जिला), सीसामऊ (कानपुर जिला), कटेहरी (अंबेडकरनगर जिला), फूलपुर (प्रयागराज), कुंदरकी (मुरादाबाद) की मतगणना संबंधित 9 जिलों में होगी। सीसामऊ में सबसे कम 20 राउंड हैं और सबसे परिणाम यही आने की संभावना है। कुंदरकी, मझवां,करहल, फूलपुर में सबसे अधिक 32 राउंड की काउंटिंग होगी। मतगणना स्थल की सुरक्षा के लिए तीन स्तर का सुरक्षा घेरा होगा। गाजियाबाद सदर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में मात्र 33 ।30 मतदान होने के कारण प्रत्याशी और उनके समर्थकों की धड़कनें बढ़ी हुई हैं। सट्टेबाज भी हार जीत को लेकर सक्रिय हो गए हैं। कम वोटिंग होने के कारण उन्हें हार-जीत पर दाव लगाने में मुश्किल हो रही है। कई जगहों पर हुई वोटिंग चौंकाने वाली रही। मुस्लिम बहुल इलाके में जमकर वोटिंग हुई। गाजियाबाद के बाद अलीगढ़ की खैर सीट पर वोटिंग कम हुई। आइए जानते हैं कम मतदान वाली सीटों का हाल और यहां पर वोटिंग की काउंटिंग को लेकर क्या तैयारी है।

# जातीय समीकरण में बंधा कमल और साइकिल की रेस

## 'हाथी' भी इस बार आगे निकलने की होड़ में दिखा




**प्रयागराज।** यूपी की इस सीट पर 'कमल' जातीय समीकरण में बंध गया। कई जगह 'साइकिल' तेज गति से दौड़ती दिखाई दी। बसपा का हाथी भी इस बार आगे निकलने की होड़ में दिखा। सियासी सरजमीं पर सियासत कौन सी करवट बैठेगी इसके लिए शनिवार 23 नवंबर की दोपहर तक का इंतजार करना होगा। फूलपुर विधानसभा उपचुनाव में हुए मतदान में इस बार कम मत प्रतिशत चर्चा का विषय है। कमल और साइकिल की रेस का रोमांच इस बार जातीय समीकरणों में बंधा दिख रहा है। बसपा का हाथी भी इस बार आगे निकलने की होड़ में है। मतदान के अगले दिन सभी राजनीतिक दलों के सियासी धुरंधर चुनावी गुणा भाग करते नजर आए। इस बार प्रमुख दलों के सामने नई चुनौतियां पेश आईं तो कहीं उन्हें फायदा भी मिला। माहौल ऐसा रहा कि तमाम मतदाताओं ने मौन तोड़कर अपनी बात सफाई से बता दी। तर्क दिया कि वह क्यों किसके साथ हैं। खेमेबंदी अलग तरह की दिखाई दी। बृहस्पतिवार को सपा और भाजपा के तमाम पदाधिकारी बूथों से मिली रिपोर्ट की समीक्षा करते नजर आए।

### नतीजे से तय होगा सांसद प्रवीण पटेल का कद

विधानसभा उपचुनाव का नतीजा फूलपुर के सांसद प्रवीण पटेल के सियासी कद का भी निर्धारण करेगा। पटेल सांसद बनने के पूर्व इस विधानसभा से लगातार दो बार विधायक रह चुके हैं। उन्होंने वर्ष 2017 में इस विधानसभा सीट पर पहली बार कमल खिलाया, लेकिन 2022 के चुनाव में सपा प्रत्याशी मुजतबा सिद्दीकी ने उन्हें कड़ी टक्कर दी, बाद में प्रवीण मामूली अंतर से चुनाव जीते। हालांकि लोकसभा चुनाव के दौरान फूलपुर विधानसभा सीट पर प्रवीण पटेल सपा प्रत्याशी से काफी पिछड़ गए।

विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी की शहर उत्तरी विधानसभा सीट ने अगर प्रवीण को बड़ा मार्जिन न दिया होता तो इस लोकसभा सीट पर भी इंडिया गठबंधन का ही कब्जा होता। कोटवा, जमनीपुर, हनुमानगंज, जलालपुर, अंदावा, सहसों, फूलपुर बाजार, हेता पट्टी आदि के बूथों की गहन समीक्षा हुई। इसमें पाया गया कि साइकिल कहीं बहुत तेज दौड़ी तो कहीं भाजपा के लिए सूखी कही जाने वाली धरती पर कमल की पंखुड़ियां खिलती दिखीं। भाजपा प्रदेश कार्य समिति के पूर्व सदस्य सुबोध सिंह कहते हैं कि चुनाव में भाजपा को हर बिरादरी का भरपूर वोट मिला। सांसद समेत तमाम विधायक दिन-रात जुटे रहे।

### आजाद समाज पार्टी की उपचुनाव में दस्तक

आजाद समाज पार्टी पहली बार यहां उपचुनाव में दस्तक देती दिखाई दी। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक अशोक बाजपेयी ने बताया कि वर्तमान में फूलपुर और पूर्व में झूंसी विधानसभा चुनाव के नतीजे काफी हद तक जातीय समीकरण के आधार पर ही आते हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान यहां कुर्मी, मौर्य, पाल, सवर्ण आदि बिरादरी के वोटरों में बिखराव देखने को मिला, लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। यह भी जानकारी मिली है कि यादव और मुस्लिम बहुल बूथों पर भी उपचुनाव की वजह से मत प्रतिशत कम रहा। इसका फायदा भाजपा को मिल सकता है। वहीं, सपा के वरिष्ठ नेता दान बहादुर मधुर का दावा है कि जिन बूथों पर पिछले चुनाव में भाजपा जीती वहां इस बार आधे से भी कम मत पड़े। भाजपा के समर्थकों में उत्साह नहीं दिखा। इसका फायदा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को मिलना तय है।

### केशव प्रसाद मौर्य ने उतार दी थी अपनी बड़ी टीम

फूलपुर विधानसभा उपचुनाव के प्रभारी केशव प्रसाद मौर्य ने उपचुनाव को लेकर यहां प्रत्याशी का नाम घोषित होने से पहले ही अपनी बड़ी टीम यहां उतार दी थी। इस टीम के अहम सदस्यों में सांसद प्रवीण पटेल भी शामिल रहे। प्रवीण भी चुनाव के दौरान पूरी तरह सक्रिय दिखे। उनकी सक्रियता प्रभावी रही या नहीं वह मतगणना होने के बाद स्पष्ट हो जाएगा। अगर भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल चुनाव जीतते हैं तो संगठन में प्रवीण का कद बढ़ सकता है और परिणाम विपरीत रहा तो सांसद होने के बावजूद उनपर तमाम तरह के सवाल भी खड़े हो सकते हैं।

# जम्मू-कश्मीर की पहली कैबिनेट बैठकः बेरोजगारी आरक्षण और भर्ती पर लिए गए अहम फैसला



**जम्मू।** जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जम्मू स्थित अपने आवास पर एक महत्वपूर्ण कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में राज्य के विभिन्न मुद्दों और विकासात्मक योजनाओं पर चर्चा की गई। जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को जम्मू में अपनी सरकार की पहली कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें रोजगार, आरक्षण और भर्ती प्रक्रियाओं सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और कई दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में जम्मू और कश्मीर में सरकारी नौकरियों में आरक्षण सीमा को संशोधित करने की बढ़ती मांग पर विचार किया गया और इस मुद्दे पर सभी हितधारकों के साथ संवाद करने के लिए एक उप-समिति गठित करने का निर्णय लिया गया।

उपमुख्यमंत्री सुंदरी कुमार चौधरी अन्य मंत्री और मुख्य सचिव अतल दुल्लू भी बैठक में शामिल हुए। यह बैठक मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की सरकार के कार्यकाल में अब तक की दूसरी बैठक थी। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए जल शक्ति और वन मंत्री जावेद अहमद राणा ने कहा कि बैठक में रोजगार, आरक्षण, भर्ती प्रक्रियाओं और विकास जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। आज हम मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की। हमने माननीय उपराज्यपाल के विधानसभा में दिए गए भाषण की चर्चा की और उसे मंजूरी दी। बैठक में किए गए सभी निर्णयों को उचित समय पर सार्वजनिक किया जाएगा। उन्होने कहा कि विधानसभा सत्र में उपराज्यपाल के भाषण में उल्लेखित हर महत्वपूर्ण पहलू को बैठक में शामिल किया गया है। रोजगार को लेकर उठे सवालों के जवाब में राणा ने कहा मुख्यमंत्री ने सभी मंत्रियों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने विभागों में बेरोजगारी के मुद्दे को प्राथमिकता दें और इसे हल करने के लिए कार्यवाही शुरू करें। हम अपनी 100 दिन की योजना के तहत अगले दो महीनों में ठोस उपाय पेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बेरोजगारी का समाधान चुनावी घोषणापत्र का महत्वपूर्ण वादा है और सरकार इसे पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। विभागों में खाली पदों को भरने के बारे में राणा ने कहा कि बैठक में यह विचार किया गया कि क्या इन पदों को सार्वजनिक सेवा आयोग (पीएससी) या जम्मू-कश्मीर सेवा चयन बोर्ड (एसएसआरबी) को सौंपा जाए। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि इन पदों के लिए विज्ञापन निश्चित समय सीमा में जारी किए जाएं। हमारा चुनावी घोषणापत्र अब केवल एक वादा नहीं है, बल्कि यह अब एक सरकारी दस्तावेज है। चाहे गैस सिलेंडरों की आपूर्ति हो या अन्य कल्याणकारी उपाय, मुख्यमंत्री ने सभी मंत्रियों को निर्देश दिया है।

## न्यूज डायरी

### टीन का डिब्बा बजाने पर मानसिक रुप से कमजोर किशोर को पीटा

**मोदीनगर करंट क्राइम।** मानसिक रुप से कमजोर किशोर द्वारा तेज आवाज में डिब्बा बजाने से नाराज पड़ोसियों ने किशोर के साथ जमकर मारपीट की। किशोर को बचाने आई मां को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थानान्तर्गत गांव बखरवा निवासी राजकुमार परिवार सहित रहते है। उनका (15) वर्षीय पुत्र हर्ष मानसिक रुप से कमजोर है और वह घर के अंदर ही रहता है। बताया जा रहा है कि उनका पुत्र हर्ष टीन के डिब्बा जोर-जोर से बजा रहा था। इस बात से नाराज होकर पड़ोसियों ने पहले मानसिक रुप से कमजोर किशोर को पीटा। जब किशोर बचाने के लिए उसकी मां राजन देवी के साथ भी जमकर मारपीट की। महिला घायल हो गई। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने रवि व दिया निवासी गांव बखरवा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### स्कूल संचालक के आवास से लाखों रुपए कीमत के सोने व चांदी के जेवरात चोरी

**मोदीनगर करंट क्राइम।** एक स्कूल संचालक के आवास से लाखों रुपए कीमत के सोने व चांदी के जेवरात चोरी होने का मामला सामने आया हैं। स्कूल संचालक ने घर पर रिपेयरिंग के कार्य में जुटे श्रमिको पर शक जाहिर किया हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं। तिबडा रोड पर बाल विद्या केंद्र स्कूल का संचालन रामकुमार करते हैं। उनके आवास पर गत दो माह से पत्थर, बिजली व दरवाजों की रिपेयरिंग का कार्य चल रहा है। बताया जा रहा है कि बुधवार को जब परिवार की महिलाओं को एक शादी समारोह में शामिल होने जाना था, जब उन्होने अलमारी खोली तो देखा कि लाखों रुपए की ज्वैलरी चोरो ने साफ कर दी हैं। स्कूल संचालक ने कार्यरत श्रमिको पर शक जाहिर किया हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी हैं।

### दिल्ली में रेवड़ी के आसरे केजरीवाल, छह 'गारंटी' गिनाने के साथ जनता को दिखाया भाजपा का 'डर'




**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को रेवड़ी पर चर्चा कार्यक्रम लॉन्च किया। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने छह रेवड़ियों का जिक्र करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता को हमने छह मुफ्त की रेवड़ी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई मंचों से और कई बार ये बोल चुके हैं कि केजरीवाल दिल्ली में मुफ्त की रेवड़ी बांट रहे है। ये बंद होनी चाहिए। दिल्ली की जनता हमें बताए कि ये मुफ्त की रेवड़ी चाहिए या फिर नहीं चाहिए। भाजपा यहां पर आई तो ये छह सुविधा बंद कर देगी। देश के 20 राज्यों में भाजपा की सरकार है। इन 20 राज्यों में से एक भी राज्य में दिल्ली में जो हम रेवड़ी दे रहे हैं, उनमें से एक भी नहीं है। जब इन राज्यों में नहीं है तो फिर दिल्ली में भी नहीं देंगे। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने छह रेवड़िया गिनाई। उन्होंने कहा कि पहला है दिल्ली में मुफ्त बिजली और वो भी 24 घंटे बिना पावर कट के। इससे पहले जब दिल्ली में कांग्रेस की सरकार थी, उन दिनों 8 से 10 घंटे पावर कट रोज लगते थे। हमारी सरकार बनने के बाद यहां पर 24 घंटे बिजली दी है। दिल्ली में अब पावर कट नहीं लगते हैं। इनकी बीस राज्यों में सरकार है। लेकिन, एक भी राज्य में 24 घंटे बिजली नहीं दे पाए। आप संयोजक ने आगे भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि गुजरात में 30 साल से इनकी सरकार है। 30 साल में भी वहां 24 घंटे बिजली नहीं दे पाए है। हमें 24 घंटे बिजली देनी आती है।

# 12 घण्टे में खोला नन्दग्राम पुलिस के मर्डर केस डीसीपी से लेकर एसीपी तक ने की जांच पड़ताल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के नंदग्राम थानाक्षेत्र में बृस्पतिवार रात गाली देने से मना करने पर एक युवक के सीने में चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना के समय मौके पर कई लोग मौजूद थे, लेकिन किसी ने भी आरोपित को पकड़ने की हिम्मत नहीं जुटाई। अस्पताल में युवक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

मेरठ रोड स्थित भट्टा नंबर पांच क्षेत्र में नूर शांति नगर इलाके में बिहार के मुजफ्फरपुर स्थित गांव दुबहा निवासी महेश कुमार (28 वर्ष) मोरटा स्थित ट्रांसपोर्टर के यहां गाड़ी चलाते थे। महेश के छोटे भाई रमेश के मुताबिक, बृहस्पतिवार रात करीब साढ़े आठ बजे वह अपने भाई के साथ घर के पास बैठे हुए आग पर हाथ सेंक रहे थे। वहां पड़ोस के दो युवक भी आकर बैठ गए। इसी बीच पड़ोस में रहने वाले सौरभ के यहां रूपेश महतो मिलने आया था। दोनों में रुपयों के विवाद में गाली-गलौच होने लगी। महेश ने गाली देने से मना किया, लेकिन आरोपित ने विरोध करते हुए चाकू निकालकर महेश के सीने पर दो बार वार कर दिए और फरार हो गया। रमेश के मुताबिक गंभीर रूप से घायल अपने भाई को लेकर वह जिला एमएमजी अस्पताल पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने उसे कुछ ही देर में मृत घोषित कर दिया।

### 12 घण्टे में नंदग्राम पुलिस ने खोला मर्डर

करंट क्राइम : पुलिस का कहना है कि घटना रात साढ़े आठ बजे की है, लेकिन स्वजन ने पुलिस को सूचना रात करीब 11 बजे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच की। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए चार टीमों को लगाया गया। शुक्रवार सुबह पुलिस ने आरोपित बिहार के छपरा स्थित गांव अतरसन निवासी रूपेश महतो को नंदग्राम क्षेत्र के हनुमान चौक से गिरफ्तार कर लिया।

### कहासुनी में हुई थी हत्या

करंट क्राइम : वहीं, बृहस्पतिवार रात वह अपने परिचित सौरभ के यहां रूपयों का हिसाब करने गया था, लेकिन रास्ते में कुछ लोग आग जलाकर ताप रहे थे जिससे रास्ता रूक रहा था। उसने रास्ते से हटने के लिए कहने के साथ ही गाली-गलौच कर दी थी। महेश ने विरोध किया तब उसने गुस्से में आकर चाकू मार दिया और मौके से फरार हो गया।

पूछताछ में आरोपित ने बताया कि गाली देने से टोकने पर उसे गुस्सा आ गया था इसलिए महेश के सीने में चाकू मारकर हत्या कर दी। आरोपित से हत्या में प्रयोग चाकू बरामद कर लिया गया है।

### सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी मामले में मुस्लिम पक्ष को जारी किया नोटिस



**लखनऊ।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को काशी विश्वनाथ ज्ञानवापी मस्जिद विवाद मामले में ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस हिंदू याचिकाकताओं द्वारा दाखिल की गई याचिका पर जारी किया गया है। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने कहा, हिंदू पक्ष द्वारा यह मामला सुप्रीम कोर्ट में ले जाया गया है। वजू खाना में शिवलिंग का अभी-भी पुरातत्व विभाग द्वारा सर्वेक्षण नहीं हुआ है। इससे यह साफ हो सके कि यह शिवलिंग है या फव्वारा। मुस्लिम पक्ष का दावा है कि यह फव्वारा है। एएसआई का सर्वे हुआ, जिसमें ज्ञानवापी के 12 तहखानों में से 8 तहखानों की एएसआई सर्वे नहीं हो पाया। इसके साथ ही मुख्य गुंबद के नीचे जो ज्योतिर्लिंग है, उसका भी सर्वे नहीं हो पाया है। इसी को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई थी। इसमें मुस्लिम पक्ष को नोटिस जारी किया गया है। मुस्लिम पक्ष को स्पष्ट कहा गया है कि वो दो सप्ताह के अंदर अपना जवाब दाखिल करें। हम आशा करते हैं कि वो जल्द ही अपना जवाब दाखिल करेंगे। अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा, हमने 16 मई 2022 को दावा किया था कि तथाकथित वजू खाना में एक शिवलिंग पाया गया है।

# बीएएमएस की छात्रा लक्ष्मी गुप्ता की हत्या का राज खुलेगा

## छह आरोपियों का 2 दिसंबर को होगा पॉलीग्राफ टेस्ट

**मोदीनगर करंट क्राइम।** लगभग डेढ वर्ष पूर्व हुई मेडिकल बीएएमएस की छात्रा लक्ष्मी गुप्ता हत्या का खुलासा करने में नाकाम मोदीनगर पुलिस को अब वैज्ञानिक पद्धति का सहारा है। लक्ष्मी गुप्ता हत्याकांड में साक्ष्य संकलन में विफल पुलिस अब छह संदिग्धों का पॉलीग्राफ परीक्षण कराएगी। दो दिसंबर को इन छह संदिग्धों का लखनऊ स्थित विधि विज्ञान प्रयोगशाला में पॉलीग्राफी टेस्ट होगा। इसको लेकर गाजियाबाद पुलिस को एक हफ्ते का पैनल दिया गया है। प्रत्येक दिन एक-एक व्यक्ति का टेस्ट होगा। यदि पॉलीग्राफी से भी साक्ष्य सामने नहीं आए तो सभी का नार्को टेस्ट होगा। इसको लेकर पुलिस को कोर्ट से अनुमति मिल चुकी है।

बताते चले कि लक्ष्मी गुप्ता हत्या का खुलासा पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है। एक्सपर्ट क्राइम सीन भी दोहरा चुके हैं, मगर पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पा रही है। फॉरेंसिक एक्सपर्ट से भी पुलिस राय ले चुकी है। अब तक की जांच में पुलिस के प्राइम सस्पेक्ट मकान मालिक, उनका बेटा, एक किरायेदार व लक्ष्मी के तीन दोस्त हैं। इन पर बार-बार बयान बदलने का आरोप है। पुलिस को इन पर पूरा संदेह है, लेकिन इनके खिलाफ कोई साक्ष्य पुलिस को नहीं मिला है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि आरोपितों ने इतनी सफाई से घटना को अंजाम दिया कि पुलिस साक्ष्य तक नहीं जुटा सकी। जांच जितना आगे बढ़ रही है, पुलिस उतना उलझती जा रही है। पुलिस अभी तक की जांच के आधार पर हत्या या आत्महत्या की पहेली में ही फंसी हुई है। क्योंकि पुलिस हत्याकांड में कोई ठोस साक्ष्य नहीं जुटा सकी है। जबकि उक्त हत्याकाण्ड का मुद्दा प्रदेश की विधान परिषद् में भी उठ चुका है।

### यह था मामला



**करंट क्राइम।** कन्नौज जिले के छिपरा मऊ की लक्ष्मी गुप्ता मोदीनगर के दिव्य ज्योति शिक्षण संस्थान में बीएएमएस तीसरे वर्ष की छात्रा थी। वे निवाड़ी रोड पर सूर्या एनक्लेव कॉलोनी में मनोज शर्मा के घर पर किराये के कमरे में रहती थी। 15 जून 2023 को लक्ष्मी का शव कमरे में चौखट से लटका मिला, साथ में एक नोट भी मिला। पुलिस इसे आत्महत्या मान रही थी। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हुई तो हत्या का मामला दर्ज किया गया, अब डेढ़ साल बीत चुका है। लेकिन हत्या का अभी तक पदार्फाश नहीं हुआ है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि छह संदिग्धों को पॉलीग्राफ टैस्ट 2 दिसंबर को कराया जाना तय हुआ है। शीघ्र ही घटना का पदार्फाश कर दिया जायेगा।

# कुरुक्षेत्र में 28 नवंबर से 15 दिसंबर तक चलेगा अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव



**चंडीगढ़।** 28 नवंबर से 15 दिसंबर तक ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर हर दिन गीता महाआरती का आयोजन होगा। पांच दिसंबर को ब्रह्मसरोवर पर गीता यज्ञ एवं पूजन से इस महोत्सव का विधिवत शुभारंभ होगा। कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन 28 नवंबर से 15 दिसंबर तक किया जाएगा। चंडीगढ़ में सीएम नायब सैनी ने इसकी जानकारी दी। सैनी ने कहा कि इस बार संयुक्त राज्य गणराज्य तंजानिया हमारा भागीदार देश और ओडिशा हमारा भागीदार राज्य है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस दौरान गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद, ओडिशा के राज्यमंत्री सूर्यवंशी सूरज और यूनाइटेड रिपब्लिक ऑफ तंजानिया की हाई कमिश्नर अनीसा कपुफी मबेगा का धन्यवाद किया।

उन्होंने बताया कि पिछले 08 सालों से इस महोत्सव को अपार सफलता और लोकप्रियता मिली है। धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र 48 कोस की परिधि में फैला है इस क्षेत्र में 182 तीर्थों की पहचान की जा चुकी है। पहली बार वर्ष 2019 में मॉरीशस, लंदन सितंबर 2022 में कनाडा, अप्रैल 2023 में ऑस्ट्रेलिया वर्ष 2024 में श्रीलंका और इंग्लैंड के बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गीता महोत्सव मनाया गया।

28 नवंबर से 15 दिसंबर तक ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर हर दिन गीता महाआरती का आयोजन होगा। पांच दिसंबर को ब्रह्मसरोवर पर गीता यज्ञ एवं पूजन से इस महोत्सव का विधिवत शुभारंभ होगा। इसी दिन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय गीता संगोष्ठी का भी आयोजन होगा। नौ दिसंबर को महोत्सव के दौरान पुरुषोत्तमपुरा भाग में संत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। 10 दिसंबर को पुरुषोत्तमपुरा भाग में अखिल भारतीय देवस्थानम सम्मेलन आयोजित होगा। गीता जयंती के दिन 11 दिसंबर को ज्योतिसर तीर्थ पर गीता पाठ ,भागवत और 18000 विद्यार्थियों द्वारा गीता का पाठ होगा। 48 कोस की सभी 182 तीर्थों पर 11 दिसंबर को दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

# निमार्णाधीन मोबाइल टॉवर, भारी विरोध के बाद किया सील



**मोदीनगर करंट क्राइम।** कावेरी एन्कलेव नामक कॉलोनी में एक मोबाइल कंपनी द्वारा घर की छत पर लगायें जा रहे माबाइल टॉवर के विरोध स्वरूप शुक्रवार को गाजियाबाद विकास प्राधिकारण ने आलाधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद मोबाइल टॉवर को सील कर दिया है।

बताते चले कि कावेरी एन्कलेव कॉलोनी में 5 जी मोबाइल टावर का निर्माण कराया जा रहा था। स्थानीय लोग लगातार विरोध प्रदर्शन करते हुये लगायें जा रहे टावर के निर्माण का विरोध कर रहे थे। उनका कहना था कि मोबाइल टावर से निकलने वाले रेडिएशन से गंभीर बीमारी फैलने की आशंका है। लोग दो माह से लगातार टावर का निर्माण कार्य बंद कराने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे। गुरुवार शाम को कॉलोनी की महिलाओं ने टावर का निर्माण कार्य रुकवाकर जमकर हंगामा किया और धरने पर बैठ गईं थी। महिलाओं ने चेतावनी दी थी, कि यदि निर्माण कार्य नहीं रोका गया तो तहसील का घेराव किया जाएगा। कॉलोनी के लोगों का कहना है कि टावर अवैध रुप से लगाया जा रहा है। शुक्रवार को आलाधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद गाजियाबाद विकास प्राधिकरण प्रशासन जागा और मय टीम अधिकारियों ने शुक्रवार को मोबाइल टावर का निर्माण कार्य रूकवाकर उसे सील कर दिया। जीडीए के अधिकारियों का कहना है कि बिना अनुमति के टॉवर के निर्माण का कार्य किया जा रहा, इसके चलते यह कार्रवाई की गई है। फिलहाल कुछ हो स्थानीय कॉलोनीवासियों की शिकायत पर कार्रवाई को अंजाम देतु हुये निमार्णाधीन टॉवर को सील कर दिया गया है।

# विधानसभा चुनाव नतीजे से पहले सियासी घमासान

## पहले लगे अजित को सीएम बनाने के पोस्टर, फिर हटे

**महाराष्ट्र।** राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन और कांग्रेस के नेतृत्व वाले महा विकास अघाड़ी के बीच मुकाबला है। बुधवार को मतदान समाप्त होने के बाद आए एग्जिट पोल में अनुमान लगाया गया कि महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति सत्ता बरकरार रखेगी महाराष्ट्र में कल यानी 23 नवंबर को विधानसभा चुनाव के नतीजे सामने आने वाले हैं। इस बीच, यहां एक पोस्टर पर राजनीति शुरू हो गई है। दरअसल, नतीजे से एक दिन पहले एनसीपी प्रमुख और डिप्टी सीएम अजित पवार को मुख्यमंत्री के रूप में दिखाने वाले पोस्टर लगाए गए। बाद में हटा भी दिए गए। पोस्टर को पुणे में पार्टी नेता संतोष नांगरे ने लगाया था।




### एग्जिट पोल में यह अनुमान

दोनों राज्यों में बुधवार को मतदान समाप्त होने के बाद आए एग्जिट पोल में अनुमान लगाया गया कि महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति सत्ता बरकरार रखेगी और झारखंड में भी एनडीए को सरकार बनाने में बढ़त हासिल है। ज्यादातर एग्जिट पोल में यह भी भविष्यवाणी की गई है कि महा विकास अघाड़ी (एमवीए) चुनावों में मजबूत प्रदर्शन करेगी, लेकिन 288 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत के आंकड़े को पार करने की संभावना नहीं है। पी-मार्क एग्जिट पोल के अनुसार, महायुति गठबंधन को 137-157 सीटें मिलेंगी, जबकि महा विकास अघाड़ी को 126-147 सीटें और अन्य को 2-8 सीटें मिलेंगी। वहीं, चाणक्य स्ट्रैटेजीज ने महायुति को 152-150 सीटें, एमवीए को 130-138 सीटें और अन्य को 6-8 सीटें मिलने का अनुमान लगाया है।

### महायुति बनाम महा विकास अघाड़ी

बता दें, राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन और कांग्रेस के नेतृत्व वाले महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के बीच मुकाबला है। सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन में भाजपा, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) शामिल हैं, जबकि विपक्षी एमवीए में कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी एसपी (शरद पवार गुट) शामिल हैं।

### महायुति में नेताओं के बीच सीएम बनने की होड़ नहीं: शिंदे

इससे पहले, शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे ने कहा कि विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद महायुति के नेता एक साथ बैठेंगे और फैसला करेंगे कि महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री कौन होगा। उन्होंने कहा कि यहां नेताओं के बीच सीएम बनने की होड़ कभी नहीं रही। हम अगले पांच वर्षों में और अधिक विकास कार्य करने के लिए सरकार बनाना चाहते हैं। पिछले ढाई वर्षों में, महा विकास अघाड़ी ने केवल इस बात पर चर्चा की कि सीएम कौन होगा; रोज वे सिर्फ इस पर चर्चा करते थे। उनका संदेश जनता तक नहीं पहुंचा।

# आरओबी का निर्माण कार्य शुरू करने से पहले कई विभागों के अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**मोदीनगर करंट क्राइम।** मोदीनगर हापुड मार्ग स्थित रेलवे फाटक पर आरओबी का कार्य शुरू करने से पूर्व सात विभागों के अधिकारियों ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। आरओबी निर्माण के लिए जगह को चिहिन्त कर लिया गया है। जल्द ही इस संबंध में नोटिस जारी किया जाएगा। गौरतलब हो कि मोदीनगर हापुड मार्ग पर रेलवे फाटक बंद होने से सुबह से सांय तक दिल्ली मेरठ मार्ग जाम से बांधित रहता है। शहरवासी कई दशकों से हापुड मार्ग की रेलवे लाइन पर आरओबी के निर्माण की मांग करते चले आ रहे थे।

सरकार ने आरओबी का बनाने पर सहमति दे दी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसका वर्चुअल उद्घाटन भी कर दिया। गुरुवार को सेतू निगम, लोक निर्माण विभाग, बिजली विभाग, नगर पालिका परिषद आईजीएल, जन निगम व वन विभाग के अधिकारी हापुड मार्ग पर पहुंचे और आरओबी के लिए जगह चिन्हित करने को निरीक्षण किया। जिनकी जमीन अधिगृहण की जाएगी, उनकों शीघ्र ही नोटिस भेजने का कार्य शुरू कर दिया जायेंगा। इतना ही नही एसडीएम डॉ0 पूजा गुप्ता की अध्यक्षता में इसकों लेकर तहसील स्तर पर एक कमेटी का गठन भी कर दिया गया है। बिजली लाइन को हटाने व पेड काटने का काम भी जल्द शुरू कर दिया जायेंगा। शासन द्वारा आरओबी के लिए बजट जारी कर दिया गया है। दो साल के अंदर इसका निर्माण पूरा करने की बात कही जा रही है। उपजिलाधिकारी डॉ0 पूजा गुप्ता ने बताया कि आरओबी के निर्माण कार्य शुरू करने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण किया है, जल्द ही प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद लोगों को जाम से निजात मिलने का रास्ता भी साफ हो जायेंगा। आरओबी बनने पर करीब 30 से 40 करोड़ रुपये खर्च आने का अनुमान है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# आज सदर विधानसभा क्षेत्र को मिल जाएगा नया शहर विधायक

## 14 उम्मीदवार हैं मैदान में और मतदाताओं का फैसला आएगा ईवीएम से बाहर




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आज शहर विधानसभा को नया विधायक मिलेगा। आज उपचुनाव का नतीजा आएगा। इस नतीजे को जानने के लिये पूरा शहर बेकरार है। इस चुनाव में जहां 14 उम्मीदवार मैदान में हैं। यहां मुख्य मुकाबले में भाजपा के संजीव शर्मा, सपा-कांग्रेस गठबंधन के सिंहराज जाटव और आजाद समाज पार्टी के सतपाल चौधरी हैं। इसके अलावा बसपा के परमानंद गर्ग और ओवैसी की पार्टी से रवि गौतम भी मैदान में हैं।

शहर विधानसभा में इस बार 33.30 प्रतिशत मतदान हुआ है और मुकाबला यहां रोचक माना जा रहा है। हालांकि भाजपा यहां एक बड़ी जीत का दावा कर रही है। वहीं विपक्षी दलों में बसपा और सपा भी ताल ठोंक रहे हैं। यहां विपक्ष को दलित मुस्लिम समीकरण से उम्मीदें हैं तो भाजपा पहले दिन से ह्यबंटोगे तो कटोगेह्न के नारे के साथ है। मुस्लिम बस्तियों में क्या रूझान रहा है, दलित बस्तियों में किसको समर्थन मिला है और पंजाबी समाज का वोट किस पर गया है ये आज सामने आ जाएगा। आज शहर विधानसभा सीट पर नया विधायक जनता को मिलेगा।

### सीएम और डिप्टी सीएम ने यहां डाला डेरा

भाजपा की बात करें तो वो शहर वाले चुनाव को लेकर किसी प्रकार की लहर के भरोसे नहीं थी। उसके मुख्यमंत्री ने लगातार दोहराया कि कार्यकर्ता और नेता ओवर कॉन्फिंस में ना रहे। मुख्यमंत्री पहले आए तो आचार संहिता लागू होने से पहले वो बूथ कमेटियों को अपडेट करने की बात कहकर गए। जब वो दूसरी बार आए तो उन्होंने 200 कार्यकताओं से बात की और फिर उन्होंने पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री यहीं पर नहीं रूके और उन्होंने लाइनार क्षेत्र में रोड शो किया और भाजपा के लिए पूरा माहौल बना दिया। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक यहां लगातार डटे रहे। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने भी चुनाव प्रचार में पूरा जोर लगाया। नीरज सिंह लखनऊ से गाजियाबाद आए और वो युवा कार्यकताओं में ऊर्जा का संचार कर गए। भाजपा ने अपने कार्यकताओं को अधिक से अधिक मतदान कराने का मंत्र दिया। भाजपा अपनी इसी रणनीति को लेकर उत्साहित है।

### गठबंधन के जाटव और बसपा के वैश्य उम्मीदवार के बीच किसे मिलेंगे अधिक वोट

चुनाव का नतीजा आज आ रहा है और यहां नतीजे से ज्यादा वोट प्रतिशत की भी गणना होगी। बसपा ने यहां पहले दलित कार्ड खेला और फिर दलित उम्मीदवार का टिकट काट दिया और उसके स्थान पर वैश्य उम्मीदवार को टिकट दिया। वैश्य उम्मीदवार के सामने सपा-कांग्रेस गठबंधन ने यहां जनरल सीट पर दलित कार्ड खेल दिया। सपा ने यहां सामान्य सीट पर सिंहराज जाटव को टिकट दिया। अब इन दोनों चेहरों में कौन सा कार्ड ज्यादा सफल हुआ ये पता चल जाएगा। हालांकि भाजपा के संजीव शर्मा ने अपना मुकाबला बसपा से बताया था। यहां डीएम फैक्टर में दलित वोट किसके साथ गया है ये पता चलेगा और ये संख्या आने वाले समय की राजनीति में नया समीकरण लाएगी।

### मुस्लिम वोटों की चली है साइकिल, उड़ी है पतंग या केतली को गये हैं वोट

मुस्लिम वोटों को लेकर जहां विपक्ष थोड़ा संशय में दिखाई दे रहा है तो वहीं भाजपा इस वोट बैंक के तितर बितर होने को लेकर मुतमईन है। ये वोट एकमुश्त गया है या बिखर गया है इसका भी आज पता चलेगा। मुस्लिम बाहुल्य इलाकों से जो रूझान मिल रहे हैं वो ये है कि मुस्लिम युवाओं ने ओवैसी की पतंग को पसंद किया है। यहां साइकिल को उम्मीद के मुताबिक वोट नहीं मिले हैं और कुछ वोट हाथी पर भी गया है। एकमुश्त वोट है या वोट में बिखराव है इसका भी आज पता चलेगा।

# भाजपा के पूर्व और वर्तमान पार्षद ने मतदान के दिन जो उंगली थी दिखाई

## चुनाव आयोग में उसकी शिकायत दर्ज कराने जा रहे हैं सपाई

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समाजवादी पार्टी के नेता अब चुनाव के फाउल पर नजर रख रहे हैं। भाजपा के उत्साहित कार्यकर्ता जो कुछ भी कर रहे हैं उस पर समाजवादी पार्टी के नेता पैनी नजर रख रहे हैं। आमतौर पर मतदान के दिन अपनी जागरूकता प्रदर्शित करने के लिये लोग उंगली पर स्याही का निशान दिखाते हुए फोटो अपलोड करते हैं। लेकिन कई बार ये होता है कि मतदाता किसी विधानसभा का होता है और उंगली वो कहीं ओर दिखा देता है। शहर विधानसभा उपचुनाव में मतदान के दिन ये उंगली का निशान दिखाना भाजपा के एक पूर्व पार्षद और एक वर्तमान पार्षद के लिये ये शिकायत का कारण बन सकता है। बताते हैं कि शहर विधानसभा उपचुनाव में जहां भाजपा के नेता हर गतिविधि पर नजर रख रहे थे तो वहीं विपक्ष के नेता भी भाजपा वालों की हर गतिविधि नोट कर रहे थे।

बताते हैं कि शहर विधानसभा में उपचुनाव के मतदान वाले दिन साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र के भाजपाई भी एक्टिव थे। इन भाजपाईयों ने मतदान केंद्र के बाहर उंगली का निशान दिखाते हुए फोटो अपलोड की। इनमें साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र की एक पूर्व भाजपा पार्षद हैं और एक मौजूदा भाजपा पार्षद हैं। दोनों ने ही सोशल मीडिया पर अपने फोटो अपलोड किये थे। ये दोनों ही भाजपा से हैं और दोनों ही साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र से हैं। बताते हैं कि समाजवादियों ने भाजपा के इन दोनों पूर्व और वर्तमान पार्षद की इस फोटों के स्क्रीन शॉट लिये। उनका कहना था कि दूसरी विधानसभा के ये पार्षद यहां आकर कैसे वोट डाल सकते हैं। समाजवादियों ने चुनाव आयोग में इसकी शिकायत करने की तैयारी कर ली है। सपा के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन ने करंट क्राइम से बातचीत में कहा कि हमें पूरा शक है कि फर्जी वोटिंग हुई है। जब ये दोनों साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में रहते हैं तो ये यहां आकर कैसे मतदान कर सकते हैं। हम चुनाव आयोग में इसकी शिकायत दर्ज कराने जा रहे हैं।






### उंगली पर नहीं था निशान, सपाई करा लें आंखों की जांच: पूर्व पार्षद

वहीं इस मामले को लेकर भाजपा की पूर्व पार्षद ने कहा कि ये फोटो केवल लोगों में मतदान के प्रति जागृति पैदा करने के उद्देश्य से अपलोड की गई थी। हमने केवल मतदान को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से उंगली का निशान बनाया था। पूर्व पार्षद ने कहा कि हमारा व्यापक जनाधार है और समाजवादी इससे बोखला रहे हैं। उन्होंने कहा कि उंगली पर वोटिंग वाला कोई निशान नहीं था। जो समाजवादी हम पर ये आरोप लगा रहे हैं वो अपनी आंखों की जांच करा लें।




**एंकर (दीपक भाटी) :** सभी के सवालों पर जो जवाब मिले हैं। वो बहुत ही कन्फ्यूज करने वाले हैं। किसी की भी जीत को लेकर फोन-ए-फ्रेंड ने भी कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी। इसलिए 'लाख' रुपये का सवाल जीतने में सब विफल घोषित किये जाते हैं। वैसे इनमें से एक चेहरा आज चुनाव भी जीतेगा। उसको अग्रिम बधाई।

कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा

## संपादकीय

# तलाक में गरिमा...

तलाक से जुड़े एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इसकी प्रक्रिया के दौरान पत्नी को 1.75 लाख रुपये महीना गुजारा भत्ता दिया जाए। बेशक यह रकम पहली नजर में खासी बड़ी लगती है, लेकिन इससे ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि फैसला जिन आधारों पर दिया गया है, वे व्यक्ति की गरिमा को नए सिरे से रेखांकित करते हैं। मसला एक ऐसे कपल का था जिसकी 2008 में शादी हुई और 2019 में पति की ओर से तलाक की अर्जी दी गई। पति को पहली शादी से एक बेटा था, मगर इस शादी में कोई संतान नहीं हुई। दिलचस्प है कि फैमिली कोर्ट ने पति की आमदनी के तमाम स्रोतों का ब्योरा देखने के बाद अंतरिम गुजारा भत्ता 1.75 लाख रुपये मासिक ही तय किया था जिसे हाईकोर्ट ने घटाकर 80,000 रुपये मासिक कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए फैमिली कोर्ट के फैसले को बहाल किया।

मामले की सुनवाई के दौरान कई तरह के सवाल उठे, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने सबसे ज्यादा अहमियत इस बात को दी कि शादी के दौरान महिला जिस तरह की लाइफस्टाइल की आदी थी, वह बरकरार रहनी चाहिए। यह बात भी अदालत की जानकारी में आई कि शादी से पहले महिला जॉब कर रही थी जो उसे पति की जिद के कारण छोड़नी पड़ी। अपने देश में अक्सर शादी के बाद महिलाओं को नौकरी छोड़नी पड़ती है जिससे उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता समाप्त हो जाती है। ऐसे में यह महत्वपूर्ण है कि गुजारा भत्ता तय करते समय जिंदा रहने की न्यूनतम आवश्यकताओं को ही नहीं, सोशल स्टेटस को भी प्रमुख आधार बनाया जाए।

वैसे, यह फैसला अपने आप में अनोखा या अपवाद नहीं है। हाल के वर्षों में आए कई अहम फैसलों की यही दिशा रही है। फिर भी इस फैसले की अहमियत इस मायने में है कि इसने न्यायपालिका के इस प्रगतिशील रुख पर इतना जोर दिया है कि यह एक झटके में समाज के संज्ञान में आता है। ध्यान रहे, भारत आज भी उन देशों में शामिल है, जहां तलाक की दर न्यूनतम स्तर पर है। ऐसा तब है जब नैशनल फैमिली हेल्थ सर्वे 2019-21 के मुताबिक देश में 18 से 49 वर्ष के उम्र की करीब 30 फीसदी शादीशुदा महिलाएं घरेलू हिंसा का शिकार होती हैं। जाहिर है, मजबूरी में चलती शादियों को तलाक से बेहतर मानने की सोच बदलने की जरूरत है और सुप्रीम कोर्ट के ऐसे फैसले इसमें मदद कर सकते हैं।

# अदाणी विवाद के बीच सेबी ने उठाया अहम कदम



**नई दिल्ली।** सेबी ने स्टॉक एक्सचेंजों बीएसई और एनएसई ने कहा है कि वे बताएं कि अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने रिश्वतखोरी के आरोपों में उनके खिलाफा अमेरिकी न्याय विभाग की जांच का खुलासा किया है या नहीं। माना जा रहा है कि इस प्रक्रिया में दो सप्ताह लग सकते हैं। अमेरिका में लगे आरोपों के बाद अदाणी समूह एक बार फिर सेबी की जांच के घेरे में है। बाजार नियामक सेबी इस बात की जांच कर रहा है कि अदाणी समूह ने बाजार में होने वाली गतिविधियों के खुलासे के अनिवार्य नियमों का उल्लंघन किया है या नहीं। नियामक ने स्टॉक एक्सचेंजों से इस संबंध में जानकारी देने को कहा है। सेबी ने स्टॉक एक्सचेंजों बीएसई और एनएसई ने कहा है कि वे बताएं कि अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने रिश्वतखोरी के आरोपों में उनके खिलाफा अमेरिकी न्याय विभाग की जांच का खुलासा किया है या नहीं। माना जा रहा है कि इस प्रक्रिया में दो सप्ताह लग सकते हैं। इसके बाद सेबी यह निर्णय करेगा कि वह समूह के खिलाफ जांच को आगे बढ़ाएगा या नहीं। सेबी ने पहले भी खुलासा से जुड़े नियमों का पालन किया गया या नहीं इस बारे में समूह की जांच की थी। सेबी की जांच का मुख्य केंद्र बिंदु 15 मार्च को आई एक मीडिया रिपोर्ट है, जिसमें दावा किया गया था कि अमेरिकी अभियोजक जांच कर रहे थे कि क्या अदाणी की कोई कंपनी या उससे जुड़े लोग अधिकारियों को एक सोलर प्रोजेक्ट का ठेका फाइनल करने के लिए रिश्वत दे रहे हैं।

## हर 10 में से 8 स्टॉकब्रोकर 2024-25 में बढ़ा रहे आईटी बजट



**मुंबई।** वित्त वर्ष 2024-25 में हर 10 में 8 (83.6 प्रतिशत) स्टॉकब्रोकर उभरती हुई टेक्नोलॉजी का फायदा उठाने के लिए आईटी बजट बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। इसमें से 41.8 प्रतिशत का लक्ष्य आईटी बजट में 20 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी करना है। यह जानकारी शुक्रवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। एसोसिएशन ऑफ नेशनल एक्सचेंज मेंबर्स ऑफ इंडिया (एएनएमआई) की ओर से जारी किए गए 'स्टॉकटेक सर्वेक्षण 2024-25' में बताया गया कि स्टॉकब्रोकर दक्षता, क्षमता और ग्राहक अनुभव को बेहतर करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), एल्गोरिदम ट्रेडिंग और ब्लॉकचेन जैसी टेक्नोलॉजी पर फोकस करना चाहते हैं। सर्वेक्षण में 34.3 प्रतिशत स्टॉकब्रोकर ने पूवार्नुमानित विश्लेषण और पर्सनल ट्रेडिंग रणनीतियों को चलाने के लिए एआई और एमएल को प्राथमिकता दी है। जबकि, 32.9 प्रतिशत स्टॉकब्रोकर ने सटीकता और ऑटोमेशन पर जोर देते हुए एल्गोरिदम ट्रेडिंग को प्राथमिकता दी है। सर्वेक्षण में आगे कहा गया कि 7.1 प्रतिशत स्टॉकब्रोकर ने सुरक्षित और पारदर्शी संचालन के लिए ब्लॉकचेन को अपनाने पर जोर दिया है। सर्वेक्षण के अनुसार, 60 प्रतिशत से अधिक स्टॉकब्रोकर ने अपनी 50 प्रतिशत से अधिक व्यावसायिक प्रक्रियाओं को डिजिटल कर दिया है, जो परिचालन आधुनिकीकरण की दिशा में एक मजबूत प्रयास को दशार्ता है। एएनएमआई के अध्यक्ष हरिन मेहता ने कहा कि सर्वेक्षण भारत के स्टॉकब्रोकिंग उद्योग के तकनीकी विकास में गहराई से जानकारी प्रदान करता है।

# भारत में व्यापार गतिविधियां नवंबर में 3 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंची : रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** एचएसबीसी सर्वे के अनुसार, भारत की व्यापार गतिविधियां नवंबर में तीन महीने के उच्चतम स्तर पहुंच गई हैं। इसकी वजह सर्विस सेक्टर और रोजगार सृजन में रिकॉर्ड वृद्धि होना है। एचएसबीसी में चीफ इंडिया इकोनॉमिस्ट, प्रांजुल भंडारी ने कहा, ₹सर्विसेज में वृद्धि देखी गई, जबकि मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र अक्टूबर के अंत में पीएमआई रीडिंग में मामूली मंदी के बावजूद उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन करने में कामयाब रहा।

एसएंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित एचएसबीसी का फ्लैश इंडिया कंपोजिट परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) अक्टूबर में 59.1 से बढ़कर नवंबर में 59.5 हो गया, जो दशार्ता है कि आर्थिक गतिविधि का विस्तार जारी है। जब भी पीएमआई 50 से ऊपर होती है तो यह बढ़त को दशार्ता है। वहीं, अगर यह 50 से कम होता है तो गिरावट को दिखाता है। सर्विस सेक्टर के लिए पीएमआई नवंबर में 58.5 से बढ़कर 59.2 हो गया, जो अगस्त के बाद से उच्चतम स्तर है। महीने के दौरान मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में भी विस्तार दर्ज किया गया, लेकिन विकास की गति थोड़ी धीमी रही। इस कारण मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का पीएमआई 57.5 से घटकर 57.3 पर आ गया। रिपोर्ट में बताया गया कि नौकरियों में बढ़त दिसंबर 2005 में सर्वे रिकॉर्ड किए जाने के बाद से सबसे अधिक है। यह आर्थिक स्थिति और उपभोक्ताओं के खर्च करने की क्षमता के लिए एक सकारात्मक संकेत है। हालांकि, बढ़ती हुई महंगाई के कारण चिंताएं बनी हुई हैं। भंडारी ने आगे कहा कि मैन्युफैक्चरर्स की ओर से इस्तेमाल किए जाने वाले कच्चे माल के साथ-साथ सर्विस सेक्टर में भोजन और मजदूरी की लागत पर मूल्य दबाव बढ़ रहा है। आरबीआई के नवंबर बुलेटिन के मुताबिक, भारत का निर्यात आउटलुक सकारात्मक है। इसकी वजह मुख्य मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों के वैश्विक व्यापार में देश की हिस्सेदारी बढ़ना है।

## SPECIAL WISHES
दैनिक करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सुप्रसिद्ध भजन गायक रमन गुप्ता ने अपनी सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा को ऋतु गुप्ता के साथ हाथों में थामकर हाथ 32वे हर्ष उल्लास भरे वर्ष में प्रवेश किया। इस मधुर बेला में रमन गुप्ता ऋतु गुप्ता को पूरे परिवार ने स्नेह प्यार दिया। मित्रों शुभचिंतकों समर्थकों ने बधाई शुभकामनाएं देते हुए उमंग उल्लास भरे दांपत्य जीवन की स्पेशल कामना की।

## क्यूं जख्म फिर से हरे हुए

प्रस्तुति करंट क्राइम

**नरेंद्र राठी**
**(कवि गाजियाबादी)**



कई दिनों कोई जख्म नहीं,
चले तो नहीं गए अपने कहीं,
जख्मों में टीस-सी उठ जाती है,
जब बातें उनकी बहुत सताती हैं,
हम क्यूं हैं डरे-डरे हुए,
क्यूं जख्म फिर से हरे हुए..

समुद्र भी रोया बहुत,
जब नदियों ने दुत्कार दिया,
फिर आये जब वो रोकर,
गले मिल फिर से स्वीकार किया,
कभी खुद ही हुए वो पराये,
दिखाने लगे अब वो सगे हुए,
क्यूं जख्म फिर से हरे हुए..

कौन अपना कौन पराया,
कभी समझ ना पाया,
लबों में है मुस्कान,
दिल में संताप बहुत है,
बाहर से लगते कितने अच्छे,
आस्तीन के सांप बहुत हैं,
वो डसने को हैं लगे हुए,
क्यूं जख्म फिर से हरे हुए....

## करंट क्राइम
## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
## 23 11 2024 आज के जन्मदिन




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

## राशिफल

**मेष:** प्रेम संबंधों को लेकर दिन उतार-चढ़ाव भरा कहा जा सकता है। कभी-कभी आपको लगेगा कि आप प्रेमी के बिना नहीं रह सकते।

**वृष:** मन अशांत रह सकता है और इस वजह से मन किसी काम में नहीं लगेगा। उदास रहने से दुख हो सकता है। आप अकेलेपन के शिकार हो सकते हैं।

**मिथुन:** नए संबंध स्थापित करने के लिए दिन शुभ नहीं है। जो लोग पहले से ही संबंध रखते हैं, उन्हें भी आज मनाने के दौर से गुजरना पड़ सकता है।

**कर्क:** अपने प्रेमी के जीवन को खुशहाल बनाने और रिश्तों में मिठास बढ़ाने के लिए आप कुछ नया करने की सोच सकते हैं।

**सिंह:** सिद्धांतों के कारण प्रेम संबंधों में रुकावट आ सकती हैं। हो सकता है बाधा को न देखना चाहें और बाधा न कहकर इसे उचित ठहराने का दावा भी कर सकते हैं।

**कन्या:** कई बार व्यक्ति प्रेम संबंधों या प्रेमी के प्रति आसक्त हो जाता है। आज आप अपने प्रेमी के दीवाने हो सकते हैं, जो आपके रिश्ते के लिए बिल्कुल भी शुभ नहीं है।

**तुला:** यदि आप प्रेम संबंध को मजबूत करना चाहते हैं तो आपके विचार और आपका आत्मविश्वास भी बहुत मजबूत होना चाहिए।

**वृश्चिक:** प्रेमी का जीवन सीधा और स्पष्ट दिखाई दे सकता है। प्यार भरे तरीकों की कमी महसूस कर सकते हैं असल में ऐसा नहीं होता, सिर्फ सोच का असर होता है।

**धनु:** रिश्तों की बोरियत के लिए प्रेमी आपको जिम्मेदार ठहरा सकता है जबकि आप दोनों बराबर के जिम्मेदार होंगे।

**मकर:** जो लोग आज प्रपोज करना चाहते हैं उनका दिन अच्छा कहा जा सकता है। पुराने संबंधों को लेकर दिन उत्साह से भरा रहेगा।

**कुंभ:** प्रेम-जीवन में रुकावट आ सकती हैं। इन बाधाओं को तोड़ने की हिम्मत भी नहीं करेंगे। क्या जानते हैं कि बाधाएं हैं या नहीं और यह सब मन की कल्पना मात्र है।

**मीन:** प्रेमियों के जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, लेकिन हर बार इनके बारे में गंभीरता से सोचें तो प्रेम-जीवन कैसे सुचारू रूप से चलेगा।

## चुटकुले

टूटाराम खाली पेपर को बार-बार चूम रहा था।
फूटाराम - ये क्या है?
टूटाराम - लव लेटर है।
फूटाराम - मगर ये तो खाली है।
टूटाराम - आज कल बोलचाल बंद है।

बंता : तेरी बीवी मेरे कब्जे में है,
सबूत के तौर पर 1 अंगुली भेज रहा हूं।
बंता : मुझे तुम पर विश्वास नहीं है
गर्दन भेज गर्दन

वैज्ञानिक चाहे कितनी भी खोज कर ले,
लेकिन इस बात का पता कभी नहीं
लगा सकते की,
भारत में लोग उदास होने के बाद,
अपनी व्हाट्सअप डीपी क्यूँ हटा देते हैं

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद प्रभावित हुए क्लाइव लॉयड, कहा- उनके जैसे और पीएम चाहिए

**जॉर्जटाउन, 22 नवंबर।** वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान और दिग्गज क्रिकेटर क्लाइव लॉयड ने गुरुवार को जॉर्जटाउन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के बाद अपनी खुशी जताई। दो बार वर्ल्ड कप जीतने वाले कप्तान ने पीएम मोदी की क्रिकेट को बढ़ावा देने की कोशिशों की सराहना की और कहा कि ऐसे और नेता होने चाहिए।

गुयाना के प्रमुख क्रिकेटरों ने गुरुवार को पीएम मोदी से मुलाकात की और इसे सुखद बातचीत बताया। पीएम मोदी ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, क्रिकेट के जरिए जुड़ाव! गुयाना के प्रमुख क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ एक शानदार बातचीत हुई। इस खेल ने हमारे देशों को करीब लाया है और हमारी सांस्कृतिक कड़ी को मजबूत किया है।

क्लाइव लॉयड ने 1966 से 1985 तक वेस्टइंडीज के लिए 110 टेस्ट खेले हैं। उन्होंने इस मुलाकात की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि भारत में उनके 11 खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की गई है और पीएम मोदी के क्रिकेट प्रेम से वे प्रभावित हैं।



**वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान क्लाइव लॉयड ने गुरुवार को जॉर्जटाउन में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के बाद अपनी खुशी जताई।**

लॉयड ने कहा, हमारी बहुत अच्छी बातचीत हुई। मुझे लगता है कि अब हमारे 11 खिलाड़ी भारत में प्रशिक्षण लेंगे। यह एक बेहतरीन कदम है। हम इसके लिए उनके आभारी हैं... पीएम मोदी क्रिकेट में रुचि रखते हैं, जो बहुत अच्छी बात है। वह क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए प्रयास कर रहे हैं। हमें ऐसे और प्रधानमंत्री चाहिए।

पूर्व वेस्टइंडीज ऑलराउंडर एल्विन कालीचरण भी इस बैठक में शामिल थे। वह भी पीएम मोदी के क्रिकेट ज्ञान से प्रभावित हुए। उन्होंने कहा, भारत में हर कोई क्रिकेट जानता है, लेकिन उनका ज्ञान खास है।

उन्हें पता है कि हम भारत कब गए थे और वे हमें पहले नाम से जानते हैं। प्रधानमंत्री से व्यक्तिगत रूप से मिलना अद्भुत अनुभव है। युवा क्रिकेटरों के लिए भारत की ओर से जो मदद दी जा रही है, वह बहुत सराहनीय है।

पीएम मोदी तीन देशों की यात्रा के तीसरे चरण में गुयाना पहुंचे थे। यह पिछले 50 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली गुयाना यात्रा है। इस यात्रा के दौरान पीएम मोदी ने कैरेबियाई साझेदार देशों के नेताओं के साथ दूसरे इंडिया-कैरिकॉम सम्मेलन में भी भाग लिया।

# पर्थ टेस्ट : टीम इंडिया 9वीं बार विदेशी सीरीज में पहले ही दिन ऑल-आउट

**पर्थ, 22 नवंबर।** बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले मुकाबले की पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत ने केवल 150 ही रन बनाए। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने के बाद भारतीय बल्लेबाजों का फ्लॉप शो एक बार फिर जारी रहा और पदार्पण करने वाले नीतीश रेड्डी 41 रन बनाकर सर्वोच्च स्कोरर रहे।

नीतीश रेड्डी ने अपने पहले ही टेस्ट मैच की पहली पारी में शानदार प्रदर्शन करते हुए ढहती हुई भारतीय पारी को तीन अंकों तक पहुंचाने में केंद्रीय भूमिका निभाई और 59 गेंदों पर 6 चौके और 1 छक्का लगाते हुए 41 रन बनाए। रेड्डी नंबर 8 पर या उससे नीचे के क्रम पर खेलकर भारत के लिए सर्वोच्च स्कोर करने वाले 9वें बल्लेबाज हैं।

रेड्डी के अलावा ऋषभ पंत दूसरे सर्वोच्च स्कोरर रहे जिन्होंने 78 गेंदों पर 37 रनों की पारी खेली। इसके अलावा केएल राहुल ने 26 रन बनाए। बाकी बल्लेबाजों ने कुछ खास नहीं किया और भारतीय क्रिकेट टीम 150 रनों पर ही ढेर हो गई। यह 9वीं बार है जब भारतीय टीम विदेशी धरती पर टेस्ट सीरीज के पहले दिन ऑल-आउट हुई है। हालांकि इस बार भारत ने इन 9 मौकों पर सबसे कम ओवर (49.4) खेले हैं।




भारत के लिए राहत की बात कप्तान जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजों का पलटवार है। बुमराह ने ऑस्ट्रेलियाई टॉप ऑर्डर को ध्वस्त करते हुए उस्मान ख्वाजा, नाथन मैकस्वीनी और स्टीव स्मिथ को आउट कर दिया। इसके अलावा मोहम्मद सिराज और हर्षित राणा को भी 1-1 विकेट मिला है। खबर लिखे जाने तक ऑस्ट्रेलिया के 5 विकेट 39 रनों के स्कोर पर गिर चुके थे।

उल्लेखनीय है कि इस बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में पांच टेस्ट मैच खेले जाने हैं। इससे पहले भारत ने पिछले दो ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर कंगारूओं को उनकी ही धरती पर 2-1 से हराने में कामयाबी हासिल की थी।

# सहवाग ने कूच बिहार ट्रॉफी में 297 रन बनाने पर बेटे आर्यवीर की सराहना की

**नई दिल्ली, 22 नवंबर।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने शुक्रवार को अपने बेटे आर्यवीर सहवाग की सराहना की, जिन्होंने शिलांग के पोलो में एमसीए ग्राउंड पर अंडर-19 पुरुष कूच बिहार ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मैच में मेघालय के खिलाफ दिल्ली के लिए खेलते हुए 297 रन बनाए।

सहवाग ने एक्स पर लिखा, जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था, अच्छा खेला, आर्यवीर सहवाग। 23 रन से फेरारी चूक गए। लेकिन शाबाश, जोश बनाए रखो और आप और भी कई बड़े शतक तथा दोहरे और तिहरे शतक बनाएं। खेल जाओ..।

297 रन की मैराथन पारी के दौरान, किशोर ने 51 चौके और तीन छक्के जमाए और दिल्ली को 623/5 पर पहली पारी घोषित करने से पहले विशाल स्कोर तक पहुंचाया।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी मेघालय ने अपनी पहली पारी में 260 रन बनाए। जवाब में दिल्ली के सलामी बल्लेबाज आर्यवीर और अर्नव बुग्गा ने पहले विकेट के लिए 180 रन जोड़े, जबकि बाद में आर्यवीर 108 गेंदों पर 19 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 114 रन बनाकर आउट हो गए। विकेटकीपर-बल्लेबाज वंश जेटली ने 43 रन जोड़े, जिसके बाद धन्या नाकरा और आर्यवीर ने पारी को आगे बढ़ाया और गुरुवार को खेल समाप्त होने तक 468/2 के स्कोर पर 208 रन की बढ़त हासिल कर ली। मेघालय के कप्तान दीपांकर बरुआ ने दिल्ली की गति को रोकने के लिए विभिन्न गेंदबाजी संयोजनों की कोशिश की, लेकिन मेहमान टीम ने सपाट पिच का पूरा फायदा उठाया। मेघालय के पहली पारी के 260 रन के स्कोर को पार करने के बाद, दिल्ली ने आर्यवीर और धन्या के बीच तीसरे विकेट के लिए 188 रन की शानदार साझेदारी करके अपनी स्थिति मजबूत कर ली, जिससे मेजबान टीम की मुश्किलें और बढ़ गईं।

इससे पहले दिन में मेघालय ने 239/7 से अपनी पारी फिर से शुरू की, लेकिन केवल 21 रन और जोड़ पाए। क्षितिज सिंघानिया, जो रात भर 52 रन बनाकर नाबाद थे, 62 रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन उधव मोहन ने 4/88 का आंकड़ा पार किया। आउट होने से पहले अंगकित तमांग ने अपने रात के स्कोर 29 में सात और रन जोड़े। आर्यवीर ने अक्टूबर में वीनू मांकड़ ट्रॉफी में पदार्पण किया, जिसमें मणिपुर के खिलाफ 49 रन बनाकर दिल्ली को छह विकेट से जीत दिलाई।






**सहवाग ने एक्स पर लिखा, जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था, अच्छा खेला, आर्यवीर सहवाग। 23 रन से फेरारी चूक गए। लेकिन शाबाश, जोश बनाए रखो और आप और भी कई बड़े शतक तथा दोहरे और तिहरे शतक बनाएं। खेल जाओ..।**

# 14 मार्च से शुरू होगा आईपीएल 2025, फाइनल 25 मई को

**नई दिल्ली, 22 नवंबर।** आईपीएल ने अप्रत्याशित कदम उठाते हुए अगले तीन सीजन के लिए तारीखों का ऐलान कर दिया है। 2025 में आईपीएल 14 मार्च से शुरू होगा जबकि इसका फाइनल 25 मई को खेला जाएगा, वहीं 2026 का सीजन 15 मार्च से 31 मई तक खेला जाएगा जबकि 2027 का सीजन 14 मार्च से 30 मई तक होगा।

गुरुवार को तमाम फ्रेंचाइजी को भेजे गए ईमेल, जिसे ईएसपीएनक्रिकइंफो ने भी देखा है, उसमें आईपीएल ने इन तारीखों को विंडो की संज्ञा दी है, लेकिन यह संबंधित सीजन की तारीख हो सकती हैं। 2025 के सीजन में पिछले तीन सीजन की तरह ही 74 मैच खेले जाएंगे। हालांकि 2022 में आईपीएल द्वारा 2023-27 के चक्र के लिए बेचे गए मीडिया राइट्स में 84 मैच खेले जाने का ज़िक्र था।

नए चक्र के लिए टेंडर दस्तावेज में आईपीएल ने हर सीजन में मैचों की अलग अलग संख्या का वर्णन किया है। 2023 और 2024 में 74 मैच जबकि 2025 और 2026 में 84 और इस करार के अंतिम वर्ष यानी 2027 में 94 मैच खेले जाने का ज़िक्र था।




**2026 का सीजन 15 मार्च से 31 मई तक खेला जाएगा जबकि 2027 का सीजन 14 मार्च से 30 मई तक होगा।**

## विदेशी खिलाड़ियों की पूर्ण उपलब्धता के आसार

अधिकतर पूर्ण सदस्य देशों के विदेशी खिलाड़ियों को अपने बोर्ड से अगले तीन सीजन के लिए आईपीएल में खेलने की अनुमति मिल गई है। इसमें पाकिस्तान शामिल नहीं है।

आईपीएल ने गुरुवार को ईमेल में खिलाड़ियों की उपलब्धता के बारे में जो बताया है, वो कुछ इस प्रकार है :

**ऑस्ट्रेलिया :** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 2025 के सीजन के लिए अपने सभी खिलाड़ियों, अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू, को अनुमति दे दी है। सीए ने बताया है कि 2026 में ऑस्ट्रेलिया को पाकिस्तान के खिलाफ तीन वनडे की श्रृंखला खेलनी है, जिसका समापन 18 मार्च को होगा। फरवरी-मार्च 2026 में भारत और श्रीलंका में टी20 वर्ल्ड कप भी खेला जाना है जबकि 2027 में टेस्ट क्रिकेट के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच खेले जाने के बाद ऑस्ट्रेलिया खिलाड़ी आईपीएल का हिस्सा बनेंगे।

**इंग्लैंड :** ईसीबी ने उन 18 खिलाड़ियों की सूची दी है जो इंग्लैंड के केंद्रीय अनुबंध का हिस्सा हैं और वह अगले तीनों सीजन के लिए पूर्ण रूप से उपलब्ध रहेंगे। हालांकि बेन स्टोक्स का नाम इस सूची से नदारद है, स्टोक्स का नाम आईपीएल 2025 के लिए बड़ी नीलामी में भी शामिल नहीं है। जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, जोस बटलर, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, सैम करन, बेन डकेट, विल जैक्स, लियाम लिविंगस्टन, ओली पोप, मैथ्यू पोट्स, आदिल रशीद, फिल सॉल्ट, ओली स्टोन और रीस टॉपली 2025 से 2027 तक के सीजन के लिए उपलब्ध रहेंगे।

ईसीबी ने कहा है कि इनमें से कुछ खिलाड़ी कुछ समय के लिए अनुबंध का हिस्सा नहीं होंगे लेकिन जब वे अनुबंध का हिस्सा होंगे तब वे आईपीएल खेलने के लिए उपलब्ध होंगे। जबकि ऐसे खिलाड़ी जो इंग्लैंड के केंद्रीय अनुबंध का हिस्सा नहीं हैं, वे अगले तीन सीजन के लिए पूर्ण रूप से उपलब्ध रहेंगे।

दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, ज़िम्बाब्वे और अफगानिस्तान के खिलाड़ी पूर्ण रूप से उपलब्ध रहेंगे।

**श्रीलंका :** श्रीलंका क्रिकेट ने कहा है कि उनके भी सभी खिलाड़ी 2025 के सीजन के लिए उपलब्ध रहेंगे। जिन्हें 2026 और 2027 के सीजन के लिए रिटेन किया जाएगा वे उस समय भी उपलब्ध रहेंगे।

**बांग्लादेश :** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने 13 खिलाड़ियों की सूची भेजी है, हालांकि अगले तीन सीजन के लिए इनकी अलग अलग उपलब्धता रहेगी। इस सूची में तसकीन अहमद, लिटन कुमार दास, मेहदी हसन, शाकिब अली हसन, रिशाद हुसैन, तौहीद हृदोय, शरीफुल इस्लाम, शोहिदुल इस्लाम, हसन महमूद, मेहदी हसन मिराज, मुस्तफि जुर रहमान, नाहिद राणा, तंज़िम हसन शाकिब।

# भारतीय हॉकी टीम मस्कट में पुरुष जूनियर एशिया कप के लिए रवाना

**बेंगलुरु, 22 नवंबर।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम 26 नवंबर से 4 दिसंबर तक ओमान के मस्कट में होने वाले पुरुष जूनियर एशिया कप 2024 के लिए शुक्रवार को बेंगलुरु से रवाना हुई। भारत ने 2023, 2015, 2008 और 2004 सहित रिकॉर्ड चार बार यह टूर्नामेंट जीता है। उन्होंने पिछले साल फाइनल में प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 2-1 से हराकर खिताब जीता था। इस बार इस आयोजन में 10 टीमें भाग ले रही हैं, भारत को कोरिया, जापान, चीनी ताइपे और थाईलैंड के साथ पूल ए में रखा गया है जबकि पूल बी में शेष पांच टीमें पाकिस्तान, मलेशिया, बांग्लादेश, ओमान और चीन हैं।



कप्तान आमिर अली और उप कप्तान रोहित की अगुआई में भारत 27 नवंबर को थाईलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा, उसके बाद 28 नवंबर को जापान के खिलाफ मैच खेलेगा। 30 नवंबर को चीनी ताइपे के खिलाफ मुकाबला तय है और कोरिया के खिलाफ उनका आखिरी ग्रुप स्टेज मैच 1 दिसंबर को होना है। भारतीय टीम को 3 दिसंबर को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए शीर्ष दो में जगह सुनिश्चित करनी होगी।

सुल्तान जोहोर कप 2024 में तीसरे स्थान पर रहने के बाद भारत अपनी लय को बरकरार रखते हुए ओमान में होने वाले पुरुष जूनियर एशिया कप 2024 में मुख्य कोच पीआर श्रीजेश की अगुआई में अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगा।

# अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी महासंघ ने विश्व सुपर कबड्डी लीग 2025 को मंजूरी दी

नई दिल्ली, 22 नवंबर (आईएएनएस) अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) ने विश्व सुपर कबड्डी लीग (डब्ल्यूएसकेएल) 2025 के आयोजन के लिए आधिकारिक तौर पर अनुमति दे दी है। लीग का आयोजन दक्षिण पूर्व एशियाई कबड्डी महासंघ (एसईएकेएफ) और थाईलैंड कबड्डी संघ के सहयोग से किया जा रहा है।

डब्ल्यूएसकेएल के आयोजक निकाय एसजे अपलिफ्ट कबड्डी प्राइवेट लिमिटेड को बधाई संदेश में आईकेएफ ने कबड्डी के प्रति उनके समर्पण और दूरदर्शिता की सराहना की। कबड्डी लीग शुरू करना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। इसके लिए न केवल खेल की गहरी समझ की आवश्यकता होती है, बल्कि असाधारण संगठनात्मक कौशल और इस पारंपरिक खेल को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता भी होनी चाहिए।

आईकेएफ के बयान में कहा गया है, आपके प्रयास युवा एथलीटों को प्रेरित करेंगे और कबड्डी के विकास और लोकप्रियता में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। डब्ल्यूएसकेएल में आईकेएफ सदस्य देशों के खिलाड़ी शामिल होंगे, जो मैदान में उतरने से पहले खिलाड़ियों की नीलामी में भाग लेंगे। इससे न केवल खिलाड़ियों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा, बल्कि लीग को विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त टूर्नामेंट के रूप में भी बढ़ावा मिलेगा।

इस साल अगस्त में, दक्षिण पूर्व एशियाई कबड्डी महासंघ ने एसजे अपलिफ्ट कबड्डी प्राइवेट लिमिटेड को 15 साल की अवधि के लिए डब्ल्यूएसकेएल के आयोजन के पूर्ण और अन्य अधिकार प्रदान किए, जिससे लीग के विकास और सफलता के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण सुनिश्चित हुआ।

# केएल राहुल को आउट दिया जाना एक खराब निर्णय था: मांजरेकर

**पर्थ, 22 नवंबर।** पर्थ टेस्ट के पहले दिन लंच से पहले सलामी बल्लेबाज केएल राहुल के डीआरएस निर्णय पर आउट होने के संबंध में पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा कि राहुल को आउट देने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं थे।

राहुल जब 26 के निजी स्कोर पर बल्लेबाजी कर रहे थे तब ऑन फील्ड अंपायर रिचर्ड कैटलब्रॉ ने उन्हें मिचेल स्टार्क की गेंद पर कॉट बिहाइंड की अपील पर नॉट आउट करार दिया था। ऑस्ट्रेलिया ने रिव्यू लिया और रिप्ले में जब गेंद बल्ले के करीब से गुजर रही थी तब स्निको में स्पाइक दिखाई दिया था, लेकिन उसी समय राहुल का बल्ला भी पैड से टकराया था। थर्ड अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ ने कैटलब्रॉ से अपना निर्णय पलटने के लिए कह दिया। इस निर्णय पर राहुल अपनी असहमति जताते हुए पवेलियन की ओर लौट गए और भारत के 47 के स्कोर पर चार विकेट गिर गए।



मांजरेकर ने तकनीक का पूरा इस्तेमाल ना हो पाने का हवाला देते हुए कहा कि टीवी अंपायर को ऑनफील्ड अंपायर से उनका निर्णय पलटने के लिए नहीं कहना चाहिए था।

मांजरेकर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, सबसे पहले तो मैं टीवी अंपायर को उपलब्ध कराई गई सुविधा से निराश हूं। उन्हें और सबूत मुहैया कराए जाने चाहिए थे। सिर्फ. कुछ एंगल के आधार पर मुझे नहीं लगता कि इतना महत्वपूर्ण निर्णय लिया जाना चाहिए था। मेरा प्वाइंट यह है कि नेकेड आई से सिर्फ. यही चीज नजर आ रही थी कि बल्ले का पैड से संपर्क हुआ था। इसके अलावा आपको किसी भी नतीजे पर पहुंचने के लिए स्निको की जरूरत थी।

मांजरेकर ने कहा, इसलिए अगर बल्ले पर गेंद लगी थी तब जाहिर तौर पर स्निको पर एक और स्पाइक होना चाहिए था क्योंकि बिना किसी संदेह के दो घटनाएं हुई थीं। देखने में यह पूरी तरह से स्पष्ट था कि बल्ले और पैड का संपर्क हुआ है। अगर स्पाइक उसका था तब बाहरी किनारा लगने के सवाल पैदा नहीं होता। अगर दो स्पाइक दिखाई देते तब यह कहा जा सकता था कि पहला स्पाइक बल्ले के गेंद पर लगने का था।



# बल्ले से खराब फॉर्म के बीच कैच छोड़ने के मामले में कोहली ने बनाया अनचाहा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, 22 नवंबर।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की फॉर्म टीम इंडिया के लिए चिंता का विषय साबित हो रही है। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू सीरीज में फ्लॉप रहने के बाद भारत को अपने पूर्व कप्तान से काफी उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया में कोहली का रिकॉर्ड भी शानदार रहा है। इसी बीच पर्थ टेस्ट मैच की पहली पारी में विराट ने टीम और अपने फैंस को निराश ही किया है।

विराट कोहली ने 12 गेंदों पर 5 रनों की पारी खेली और हेजलवुड की गेंद पर उस्मान ख्वाजा के हाथों कैच आउट हो गए। इस तरह उनकी खराब फॉर्म में एक और कड़ी जुड़ गई है।

इसके अलावा कोहली ने भारतीय गेंदबाजी के दौरान कैच भी छोड़ दिया। जसप्रीत बुमराह की गेंद पर विराट कोहली ने मार्नश लाबुशेन का आसान कैच ड्रॉप कर दिया। इस शानदार गेंद पर मार्नस लाबुशेन के बल्ले का किनारा निकला, जिस पर कोहली ने ज्यादा मूवमेंट नहीं की और कैच पकड़ने की जल्दबाजी में गेंद को ड्रॉप कर बैठे।

विराट आमतौर पर बढ़िया क्षेत्ररक्षक माने जाते हैं लेकिन साल 2011 से अब तक कम से कम 100 मौके हासिल करने वाले खिलाड़ियों में कोहली का कैच ड्रॉप करने का प्रतिशत काफी ज्यादा है। यह आंकड़ा कोहली की कैच पकड़ने की क्षमता पर सवाल भी खड़े करता है। कोहली ने इस अवधि में 29.6 प्रतिशत कैच छोड़े हैं और उनसे ज्यादा कैच छोड़ने के प्रतिशत के मामले में केवल जेम्स एंडरसन ही उनसे आगे हैं।



हालांकि एंडरसन एक गेंदबाज हैं जो कभी अपनी फील्डिंग क्षमताओं के कारण नहीं जाने जाते थे। अगर सिर्फ बल्लेबाजों की बात की जाए तो विराट कोहली ने साल 2011 से अब तक सर्वाधिक कैच छोड़े हैं।

इसी बीच कप्तान जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम इंडिया को शानदार वापसी कराई है। खबर लिखे जाने तक भारत की पहली पारी 150 रनों के जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम के 7 विकेट भी 60 रनों के स्कोर पर गिर चुके थे।

# सपा नेता संतोष यादव के पुत्र प्रिंस का वाग्दान समारोह धूमधाम से सम्पन्न



गाजियाबाद करंट क्राइम। सपा जिला उपाध्यक्ष तथा पूर्व ब्लॉक प्रमुख संतोष यादव के पुत्र प्रिंस यादव का सगाई समारोह अनिल यादव की सपुत्री मिनाक्षी के साथ धूमधाम से सम्पन्न हुआ। वेदान्ता फार्महाउस में आयोजित सगाई समारोह में राजनीति, पत्रकारिता तथा विभिन्न समाजिक वर्गों के गणमान्य लोग पहुंचे और अपना आशीर्वाद दिया।

## हापुड़ से दिल्ली के बीच दौडेंगी ईएमयू ट्रेन

**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ रेलवे स्टेशन से दिल्ली स्टेशन के बीच जल्द ही इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (ईएमयू) का संचालन शुरू होगा। हापुड़ रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म का सत्यापन पूरा कर लिया गया है और रिपोर्ट बनाकर मंडल अधिकारियों को भेज दी गई है। हापुड़ से दिल्ली के बीच के रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म के आधुनिकरण के बाद संचालन शुरू हो जाएगा, जिससे हजारों यात्रियों को सुविधाएं मिलेंगी। हापुड़ रेलवे स्टेशन पर रोजाना 50 से अधिक सुपरफास्ट, एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव होता है, जिनसे हजारों यात्री यात्रा करते हैं। हालांकि, ट्रेनों की लेटलतीफी की वजह से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई रेलयात्री लंबे समय से हापुड़ और दिल्ली के बीच ईएमयू ट्रेन के संचालन की मांग कर रहे थे, जिसे अब रेलवे ने प्राथमिकता दी है। ईएमयू ट्रेन के संचालन के लिए रेलवे ने सर्वे भी कराया और हापुड़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म का सत्यापन भी किया। इस सत्यापन में प्लेटफार्म की ऊंचाई और लंबाई ईएमयू ट्रेन के संचालन के अनुरूप पाई गई है।




## किस जोन में दिखेगा आचार संहिता हटने का असर

लिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के अंतर्गत आने वाले दो से तीन दिनों के भीतर आचार संहिता हटने का असर देखने को मिल सकता है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि इस मामले की शुरूआत देहात और नदियापार इलाके से देखने को मिल सकती है। वहीं सिटी में भी कुछ बदलाव वाली स्थिति चौकी प्रभारियों के स्तर पर सामने आ सकती है। वही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि देहात और नदिया पार के कई थाना प्रभारियों के लिए खतरे की घंटी बाजी हुई है। देखना होगा कि उनपर कलम चलती है और कोई कागज बचा ले जाता है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि नदिया पार में एक थाना प्रभारी को प्रमोशन मिल सकता है। तो एक संकट में बताये जा रहे हैं। वहीं सिटी वाली स्थिति ठीक-ठाक बताई जा रही है। यहां बदलवाव की संभावना बेहद कम है कि कोई बदलाव वाला सीन बने। उधर नदिया पार वाले बता रहे हैं कि एक थाने में प्रभारी के साथ सहप्रभारी थ्री स्टार का अलग अलग जलवा और अंदाज चल रहा है। थ्री स्टार से उनके थाने वालों से लेकर आसपास के थानों के प्रभारी भी महिला अपराध संबंधी वाले मामलों में घबराते हैं। उधर देहात वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से वहां का एक मामला बिगड़ा था, उसमें




कारवाई बहुत शीघ्र होने वाली है। इसके साथ ही एक और टू-स्टार के लिए भी बदलाव वाली जानकारी बाहर निकाल कर आ सकती है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि बीते दिनों हुए चुनाव के दौरान सिटी के एक एसीपी की टीआरपी बेहद हाई रही है। तो वही कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में मौजूद कई एसीपी अभी कहां सेट किए जाएंगे, इस बात का सस्पेंस बना हुआ है। वैसे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि देहात और नदिया पार के दोनों ही जोन में आचार संहिता खत्म होने के बाद कुछ बड़े बदलाव वाले एक्शन होने की प्रबल संभावना बनी हुई है। देखना होगा बीते दिनों के हाइलाइटेड मामलों के बाद कहां पर कार्रवाई होती है और किसको थाना कंट्रोल करने के लिए टाइम मिल पाता है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में 12 ऐसे टू- स्टार थे जो थ्री- स्टार लगवा चुके हैं, वह भी मन में कई तरीके के अरमान लिए हुए हैं। देखना होगा उनके अरमान पूरे होते हैं या अभी उनको वेट करना होगा।

## 9 माह बाद कोर्ट के आदेश पर मारपीट व बलवा की रिपोर्ट दर्ज, दर्जन भर नामजद




**मोदीनगर करंट क्राइम।** तहसील के सामने रहने वाले एक पीडित पक्ष की नौ माह बाद कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की हैं। होली के दिन दम्पत्ति व उसकी पुत्री के साथ दर्जन भर लोगों पर अभद्रता व मारपीट का आरोप लगा हैं। गोविंदपुरी के तहसील के सामने रहने वाले जितेंद्र कुमार ने दर्ज रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि गत 25मार्च को जब उनकी पत्नि घर के बाहर खडी थी, तभी पड़ोस के ही कुछ युवकों ने उस पर जबरन रंग डाला ओर छेडछाड़ करते हुयें मारपीट कर दी। इस बीच उसकी पुत्री को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने इस बावत रिपोर्ट दर्ज नही की। मामला कोर्ट में पहुंचा। कोर्ट के आदेश पर सौरभ गिरि, बंटी, फोतिक, यश शर्मा, हर्ष शर्मा, चंद्रमणी, उज्जवल, आशु वर्मा, देवेंद्र व नौ अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया हैं।

## ग्रेप-4 की पाबंदी: साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में ही चल रही खुदाई

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइड 4 में ग्रेप-4 की पाबंदी बाद भी अंडरग्राउंड लाइन डाली जा रही है। कलेक्टर के आदेशों की धड़ल्ले से अवहेलना की जा रही है और इसे देखने वाला कोई नहीं है। दिल्ली-एनसीआर में आने वाले क्षेत्रों में बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग ग्रेप की पाबंदियां लगाई गई हैं। वहीं, अगर गाजियाबाद की बात करें तो यहां ग्रेप-4 लग चुका है, जिसमें भविष्य में चल रहे किसी भी प्रकार के खुदाई, भवन निर्माण पर पाबंदियां लगा दी हैं।

कलेक्टर के आदेशों के अनुसार, कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार के भवन का निर्माण नहीं कर सकता है। लेकिन साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइड 4 में ग्रेप-4 की पाबंदियों के बाद भी खुदाई जारी है, और आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। पॉल्यूशन विभाग ने भी कोई कार्रवाई नही की है।

इस मामले को लेकर जब नगर निगम के निर्माण विभाग के जेई संजय गंगवार से बात हुई तो उन्होंने बताया



कि ग्रेप 4 में खुदाई नहीं हो सकती इसके चलते उन्होंने मौके पर टीम भेज कर कार्य रूवाया और चेतावनी दी कि आगे से खुदाई ना हो। जब अंडरग्राउंड केबल डालने की खुदाई चल रही थी तभी गैस की पाइपलाइन लीकेज हो गई। जिससे मौके पर फायर ब्रिगेड पहुंची ओर गैस लोकेज को टीक करने के लिए मोके पर टीम पहुँची ओर लाइन को ठीक करने जुटे रहे। गैस लाइन लीकेज होने से क्षेत्र में हड़काम मच गया और तुरंत क्षेत्र पार्षद भूपेंद्र उपाधयाय ने मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड व पुलिस को गैस लीकेज की सूचना दी तभी नगर निगम कर्मचारियों ने भी अंडरग्राउंड केबल डालने की कार्य को रुकवाया।

## प्रोपर्टी डीलर से रंगदारी मामले में दो को दबोचा, शराब के नशे में कर दी रंगदारी की हरकत

**मोदीनगर करंट क्राइम।** प्रोपर्टी डीलर से दो लाख रूपयों की रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। जांच में खुलासा हुआ है कि पीड़ित पक्ष ने घर की मरम्मत का कार्य




कराने के लिये दी गयी एक हजार की पेशगी का तगादा किया था, जिसे लेकर कारीगर व उसके साले ने शराब पीने के बाद फोन कर रंगदारी मांगने की घटना को अंजाम दिया था।

मोदीपोन कॉलोनी निवासी श्याम मोहन शर्मा प्रोपर्टी डीलर का काम करते है। दो दिन हपले उन्होंने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि उनके मासेबाइल फोन पर एक युवक ने करीब 30-40 बार फोन कर दो लाख की रंगदारी मांगी, भयभीत श्याम मोहन ने घटना की जानकारी पुलिस को दी, जब पुलिस ने आरोपी से बात की तो उसने उनसे भी गाली गलौच कर दी। पुलिस ने सर्विलासं टीम के जरिये गांव बेगमाबाद निवासी शहनवाज व दानिश को हिरासत में ले लिया हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि शहनवाज ने श्याम मोहन के यहां मरम्मत का कार्य करने का ठेका लिया था। उसकी पेशगी एक हजार रुपए ली थी, लेकिन तीन माह से कार्य शुरू ना होने पर श्याम मोहन ने उसे रुपए लौटने का दवाब बनाया तो उसने भाई के साथ शराब पीकर इस रंगदारी की घटना को अंजाम दे दिया।

## फरीदनगर में हुआ नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार को फरीद नगर में वरदान नेत्र चिकित्सा संस्थान,गाजियाबाद के चिकित्सकों के सहयोग से नेत्र चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन में सौ से अधिक ग्रामीणों के नेत्रों की गहन जांच के पश्चात 18 लोगों को मोतियाबिंद का ऑपरेशन करने योग्य पाया गया। इनमें से अधिकांश को चिकित्सा हेतु एम्बुलेंस द्वारा वरदान चिकित्सालय ले जाया गया जिन्हें ऑपरेशन के बाद उनके गांव पहुंचाया जाएगा। इस चिकित्सा शिविर में समिति की ओर से आरके गुप्ता, वीपी रस्तोगी, रमेश अरोड़ा, एल डी शर्मा, हरिपाल सिंह, वीके शर्मा, बीजी शर्मा, एमबी भारद्वाज, बी दयाल अग्रवाल, एके जैन, पीके गर्ग एवं आरएन सक्सेना तथा वरदान नेत्र चिकित्सा संस्थान की ओर से संस्थान के प्रभारी विजय शंकर और रन पाल सिंह का भरपूर सहयोग रहा।




## किस भगवा नेता का टोकन लेने से कर दिया था महावतों ने इंकार

जिन्हे लग रहा हो कि एलीफेंट का गेम फिनिश हो गया है तो वो इस बात को समझ लें कि पुरानी कहावत इन महावत पर ही लागू हो रही है कि जिन्दा हाथी लाख का और मरा सवा लाख का। कोई नही आयेगा के सवाल पर महावत ने कई दिन पहले कहा था कि ट्रेन की पटरी किसी के घर नही आती जिसे कटना वो खुद ट्रेन की पटरी पर पहुंच जाता है। किस्सा नीले खेमें में गूंज रहा है और वो बता रहे हैं कि अगर ये वाले लाला जी ना होते तो हमारे पास दूसरे लाला जी भी थे। उनकी बात बन भी गई थी लेकिन टर्म एंड कंडीशन पर आकर मामला अटक गया। बतातें हैं कि ये वाले भगवा नेता अम्बेडकर रोड पर कालका गढ़ी चौक से पहले किसी दुकान पर अक्सर आते हैं। वो टिकट के दावेदार थे और टिकट ना मिलने पर उन्होने सोच लिया था कि हाथी की सवारी करनी है। उन्होने महावतों से सम्पर्क भी साध लिया और वो टोकन देने को भी तैयार थे। लेकिन उन्होने टर्म एंड कंडीशन ये रख दी कि अगर मेरा टिकट केसरिया हो गया तो फिर मैं उधर से लडूंगा और टोकन भी वापिस नही मागूंगा वो तुम ही रख लेना। लेकिन महावतों ने इस अजीब शर्त को मानने से इंकार कर दिया। बताते हैं कि अगर महावत मान जाते तो नीले हाथी का महावत केसरिया होता। और एक्स कांग्रेसी टू एक्स सपाई जी ना बसपाई रह पाते और ना चुनाव ही लड़ पाते उनके साथ एक बार फिर सीन मेयर इलेक्शन वाला हो जाता। वो ना साईकिल के रहते ,ना हाथी के और हो जाते पैदल।

## विजयी बेला में तो नही हो जायेगा फिर से उनके साथ खेला

कहावत तो ये है कि अपनी अपनी ढपली अपना अपना राग मगर भगवा गढ़ में फूल वालों ने इस कहावत को जरा सा मौडिफाई कर दिया है। नई कहावत में ढपली तो फूल वाली ही हैं लेकिन इस ढपली पर राग अलग अलग बज रहे हैं ओर सुर से लेकर ताल तक सब अलग अलग हैं। सब वॉच कर रहे हैं कि एकला चलों के बाद अब किसी को एकला रखो के रूल पर काम हो रहा है। बाबा आये तो सिक्योरिटी एक्ट का हवाला दे कर आऊट कर दिया। सिटी में निकले तो आपस में इतना प्यार कि सासंद,विधायक, कैबीनेट मंत्री,राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कोई भी थार से उतरने को नही तैयार। फूल वाले पुराने भाजपाई ने ही कहा कि जब सब कुछ बदल रहा है तो ये प्रथम नागरिक वाला सीन भी बदल रहा है। जब नही है स्पेस तो आप ही बताओं कि कौन सा उतर जाता फेस। अब जब फूल खिलेगा तब देखना विजयी बेल में फिर ना हो जाये उनके साथ ऐसा खेला।

## उनकी विधानसभा में क्यों नही करता कोई दावेदारी ना तैयारी

इस पार से लेकर उस पार तक इस बार शहर में बाई इलेक्शन की दावेदारी में बड़ी भागीदारी थी। फूल टिकट के लिये 56 तो ऐसे दावेदार थे जो अपना बॉयोडाटा देकर ताल ठोंक रहे थे कि हम चुनाव लड़ेगें और हम चुनाव लड़ेगें। उनके चार सौ पैरोकार थे जो अलाने जी भाईसाहब से लेकर फलाने जी भाईसाहब तक गुहार लगा रहे थे। चर्चा उस विधानसभा की चली जहां से कोई सिटिंग विधायक के सामने पर्चा भरने की सोचता भी नही। पूछने वाले ने पूछा कि जिन्हे हर विधानसभा से टिकट मांगने की आदत हैं वो इस विधानसभा से टिकट क्यों नही मांगते। वो विधायक जी ही ऐसे है कि उनकी विधानसभा में ना कोई दावेदारी करता और ना ही कोई चुनाव लड़ने की तैयारी करता।

# भारत-कनाडा के बीच और बढ़ा तनाव

## सुरक्षा चिंताओं के चलते भारतीय दूतावास ने रद्द किए काउंसलर शिविर

**टोरंटो ।** भारत और कनाडा के बीच जारी कूटनीतिक तनाव जारी है। इस बीच, भारतीय वाणिज्य दूतावास ने कनाडा में निर्धारित कांसुलर शिविरों को सुरक्षा कारणों से रद्द कर दिया। सुरक्षा एजेंसियों ने भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों को जानकारी दी थी कि वह शिविर के आयोजकों को न्यूनतम सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम नहीं हैं।

टोरंटो स्थित भारतीय महा वाणिज्य दूतावास ने एक बयान में कहा, धमकियों के बीच न्यूनतम सुरक्षा प्रदान करने में सुरक्षा एजेंसियों की ओर से असमर्थता जताए जाने के बाद वाणिज्य दूतावास ने को कुछ और कांसुलर शिविर रद्द करने पड़े हैं। इनमें से अधिकांश धार्मिक स्थलों पर नहीं होने वाले थे। एक शिविर पुलिस सुविधा में आयोजित होने वाला था।



ग्रेटर टोरंटो क्षेत्र में 4,000 से अधिक भारतीय और कनाडाई वरिष्ठ नागरिकों को जरूरी कांसुलर सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं।

भारतीय वाणिज्य दूतावास की ओर से कनाडा में कांसुलर शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिसमें ओटावा में उच्चायोग वैंकूवर व टोरंटो में वाणिज्य दूतावास शामिल हैं। ये शिविर भारतीय नागरिकों को जीवन प्रमाण पत्र जैसी विभिन्न सेवाएं प्रदान करने के लिए आयोजित किए जाते हैं।

**खालिस्तानियों ने हिंदू मंदिर में श्रद्धालुओं पर किया था हमला :** यह फैसला ब्रांपटन में हिदू सभा मंदिर में खालिस्तानी चरमपंथियों की ओर से श्रद्धालुओं पर हमले की घटना के कुछ दिन बाद लिया गया है। इस महीने की शुरूआत में खालिस्तान समर्थकों ने ब्रांपटन में हिंदू मंदिर में भारतीय अधिकारियों की ओर से आयोजित कांसुलर कार्यक्रम को बाधित किया था। खालिस्तानी चरमपंथियों ने मंदिर के बाहर लोगों को डंडों से पीटा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके कनाडाई समकक्ष जस्टिन ट्रूडो ने इस घटना की कड़ी निंदा की थी। इसके अलावा, खालिस्तानी चरमपंथियों ने ब्रांपटन, सरे और वैंकूवर में कांसुलर शिविरों में कई हिंसक हमले किए थे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, जहां कांसुलर शिविर आयोजित होने वाले थे, हमने वहां अपने राजनयिकों के लिए सुरक्षा प्रदान करने की मांग की थी, लेकिन कनाडा की ओर से सुरक्षा नहीं दी गई। उन्होंने कहा, पिछले एक साल में या इससे पहले भी हमने भारतीय राजनयिकों पर हमले, धमकी, डराना-धमकाना और उत्पीड़न देखा है।

### विदेश मंत्रालय ने क्या कहा

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, जहां कांसुलर शिविर आयोजित होने वाले थे, हमने वहां अपने राजनयिकों के लिए सुरक्षा प्रदान करने की मांग की थी, लेकिन कनाडा की ओर से सुरक्षा नहीं दी गई। उन्होंने कहा, पिछले एक साल में या इससे पहले भी हमने भारतीय राजनयिकों पर हमले, धमकी, डराना-धमकाना और उत्पीड़न देखा है।

## बाहर सबसे कम उम्र का शिशु ग्रह मिला

**वॉशिंगटन ।** हमारे सौरमंडल के बाहर अब तक के सबसे कम उम्र का ग्रह मिला है। यह केवल 30 लाख वर्ष पुराना है। वैज्ञानिकों ने इस शिशु ग्रह (बेबी प्लानेट) को आईआरएएस 04125+2902 बी नाम दिया है। यह



ग्रह पृथ्वी से 430 प्रकाश वर्ष दूर आण्विक बादलों में तारों की एक नर्सरी के पास मौजूद है। शोध में हुआ खुलासा उत्तरी कैरोलिना विश्वविद्यालय के मैडिसन जी बार्बर के नेतृत्व में ग्रहों पर किए गए शोध में बेबी प्लानेट के बारे में पता चला है। बार्बर ने कहा कि ऐसे युवा ग्रह का पता लगाना असाधारण रूप से दुर्लभ है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि वे अकसर धूल भरे बादलों के बीच स्थित सितारों के समूह के आसपास घूमते हैं। हालांकि, इस ग्रह की बाहरी परत दिखने में थोड़ी खुरदरी लगती है।

## पुतिन बोले- रूस ने यूक्रेन में नई हाइपरसोनिक मिसाइल का दाग कर किया था परीक्षण, इसका कोई तोड़ नहीं

**मॉस्को ।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि उनके देश ने हाल ही में पारंपरिक हथियार से एक नई हाइपरसोनिक मिसाइल 'ओरेश्निक' को यूक्रेन में सफलतापूर्वक दागा है। उन्होंने कहा कि यह अब तक की सबसे उन्नत मिसाइलों में से एक है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि मॉस्को को उन पश्चिमी देशों पर कार्रवाई करने का अधिकार है, जिन्होंने रूस को निशाना बनाने के लिए यूक्रेन को हथियार प्रदान किए।

पुतिन ने कहा कि यह अब तक की सबसे उन्नत मिसाइलों में से एक है, जिसका वर्तमान में कोई तोड़ नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि रूस भविष्य में जब भी इस मिसाइल का इस्तेमाल करेगा, तो पहले इसकी सूचना देगा, ताकि नागरिक खतरनाक क्षेत्रों से बाहर निकल सकें। गुरुवार को एक टेलीविजन संबोधन में पुतिन ने कहा, हम मानवता को ध्यान में रखते हुए यह सूचना सार्वजनिक रूप से देंगे।

ओरेश्निक मिसाइल का परीक्षण पहले एक रक्षा उत्पादन स्थल पर किया गया था और यह मिसाइल न केवल पारंपरिक हथियारों, बल्कि परमाणु हथियारों को भी ले जाने के लिए डिजाइन की गई है। रूस ने कहा कि पश्चिमी देशों की ओर से यूक्रेन को दी जा रही सैन्य सहायता के जवाब में इस मिसाइल का परीक्षण किया गया है। पुतिन ने चेतावनी दी कि अगर रूस के खिलाफ किसी अन्य देश की ओर से हमला किया जाता है, तो रूस को अपने हथियारों का इस्तेमाल करने का पूरा अधिकार है।

### ढाई से तीन किलोमीटर प्रति सेकंड रफ्तार

रूस की इस नई मिसाइल का नाम ओरेश्निक है, जिसका शाब्दिक अर्थ हैजलनट ट्री (एक प्रकार का पेड़) है। यह मिसाइल करीब ढाई से तीन किलोमीटर प्रति सेकंड की रफ्तार से हमला कर सकती है। तेज गति होने की वजह से यह मिसाइल किसी भी



आधुनिक वायु रक्षा प्रणाली को चकमा दे सकती है। यानी उसे रोका नहीं जा सकता। ओरेश्निक मिसाइल रूस की पुरानी मिसाइल आरएस-26 रुबेझ से प्रेरित है, जो अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल है।

### जेलेंस्की बोले- रूस पर दबाव बनाए अंतरराष्ट्रीय समुदाय


अमेरिका ने इसकी मध्यम-रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल के रूप में पहचान की है। पेंटागन ने इस मिसाइल परीक्षण के बाद कहा कि यह मिसाइल युद्ध क्षेत्र में एक नया खतरा पैदा करती है। वहीं, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन करार दिया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से रूस पर दबाव बनाने की अपील की।

## 52 करोड़ रुपये में बिका दीवार पर टेप से चिपका केला, चीन के उद्यमी जस्टिन सन ने खरीदा

**न्यूयॉर्क ।** न्यूयॉर्क स्थित सोथबी नीलामीघर में दीवार पर टेप से चिपकाए गए एक केले को चीन के उद्यमी जस्टिन सन ने 62 लाख डॉलर (करीब 52.37 करोड़ रुपये) में खरीदी है। आर्टवर्क कहे जा रहे इस केले को इटली के प्रसिद्ध कलाकार मौरिजियो कैटेलन ने बनाया है, जिसे कॉमेडियन नाम दिया गया है।

### 2019 में किया गया था प्रदर्शित

यह आर्टवर्क पहली बार 2019 में मियामी के आर्ट बेसल में प्रदर्शित किया गया था, जहां इसे 12 लाख डॉलर (उस समय लगभग 8.5 करोड़ रुपये) में बेचा गया था। बीते बुधवार को ताजे केले के साथ इस आर्टवर्क को फिर से नीलामी के लिए पेश किया गया। इसकी खासियत यह है कि इसमें



एक साधारण केला और डक्ट टेप का इस्तेमाल किया गया है। इस कलाकृति को बनाने वाले कैटेलन का कहना है कि यह आर्टवर्क समाज में हास्य और विडंबना को दशार्ता है। हालांकि, कई लोग इसे आर्ट के नाम पर मजाक मानते हैं और इसकी आलोचना भी करते हैं। एजेंसी कॉमेडियन नामक 2019 की कलाकृति की नीलामी बोली 8 लाख डॉलर (करीब 6.75 करोड़ रुपये) से शुरू हुई और जल्दी ही शुरूआती अनुमानों से आगे निकल गई। विजयी बोली लगाने वाले चीन के उद्यमी जस्टिन सन ने कहा, यह महज केला नहीं है।

## एलन मस्क ने टाइम मैगजीन को टू-डू लिस्ट छापने के लिए सुनाई खरी-खरी बोले- मेरा असली लक्ष्य कुछ और

**वॉशिगटन ।** दिग्गज कारोबारी एलन मस्क एक बार फिर चचाओं में आ गए हैं। इस बार वह अपनी 'टू-डू लिस्ट' के चलते सुर्खियों में हैं। दरअसल, हाल ही में टाइम मैगजीन ने अपने कवर पेज पर एक्स के मालिक की 'टू-डू लिस्ट' छापी थी। इस पर अब अरबपति ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह उनकी चेकलिस्ट नहीं है।

### 'मैंने कोई साक्षात्कार नहीं दिया'

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक मस्क ने कहा, 'स्पष्ट कर दूं कि मैंने कोई मीडिया साक्षात्कार नहीं दिया है और यह वास्तव में मेरी चेकलिस्ट नहीं है।'

टाइम मैगजीन के दिसंबर संस्करण के कवर शीर्षक में 53 वर्षीय टेक अरबपति की तस्वीर के साथ एक चेकलिस्ट छापी गई।



जिस चेक लिस्ट को टाइम ने अपने कवर पेज पर जगह दी है। उसमें इलेक्ट्रिक वाहन, सबसे अमीर आदमी बनें, ट्विटर खरीदना, रॉकेट लॉन्च करना, रॉकेट वापस लाना, मानव मस्तिष्क चिप, ट्रंप को निर्वाचित करवाना और मार-ए-लागो से काम करने को चेक किया गया है। यानी ये सब काम हो चुके हैं।

## भारत प्रत्यर्पण के खिलाफ यूएस सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तहव्वुर राणा; सभी निचली अदालतों में कानूनी हार

**नई दिल्ली ।** मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा ने भारत प्रत्यर्पण के खिलाफ अब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक राणा ने निचली अदालतों में कानूनी लड़ाई हारने के बाद शीर्ष कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

भारत ने 2008 के मुंबई हमले में तहव्वुर राणा की भूमिका को लेकर उसका प्रत्यर्पण मांगा है। राणा ने पहले अमेरिका की सैन फ्रांसिस्को स्थित एक अदालत का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन वहां भी उसे सफलता नहीं मिली थी।

### सर्किट कोर्ट ने खारिज की थी राणा याचिका

सर्किट कोर्ट ने 23 सितंबर को राणा की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें उसने अन्य अदालतों के फैसलों पर रोक लगाने की मांग की



थी।

इन अदालतों के फैसले राणा का भारत प्रत्यर्पण करने के पक्ष में थे। इसके बाद 13 नवंबर को राणा ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की, जिसमें उसने वही दलील दी, जो उसने पहले निचली अदालतों में दी थी कि 2008 के मुंबई आतंकी हमले के आरोपों में उसे शिकागो की एक संघीय अदालत ने मुकदमे से बरी किया है। 'भारत में मिल सकती है मौत की सजा राणा ने कहा कि अगर कानूनी प्रक्रिया के कुछ खास नियम लागू किए जाते हैं, तो उसे भारत भेजा जा सकता है। जहां उस पर उन्हीं आरोपों पर मुकदमा चलाया जा सकता है और सजा मिल सकती है, जिसमें मौत की सजा शामिल है।

### डेविड कोलमैन हेडली का सहयोगी रहा तहव्वुर राणा

राणा पर मुंबई हमले में भूमिका निभाने का आरोप है। वह पाकिस्तानी मूल के अमेरिकी आंतकी डेविड कोलमैन हेडली का करीबी सहयोगी रहा है, जो इस हमले का प्रमुख साजिशकर्ता था। इस हमले में कुल 166 लोग मारे गए थे।

जिनमें छह अमेरिकी नागरिक भी शामिल थे। दस पाकिस्तानी आतंकवादियों ने मुंबई के प्रमुख स्थानों पर 60 घंटे से अधिक समय तक आतंक मचाया था।

## भारत-अमेरिका संबंधों की नींव मजबूत है अदाणी और रिश्वत के आरोपों पर व्हाइट हाउस का बयान

**नई दिल्ली ।** अमेरिका ने दिग्गज भारतीय कारोबारी गौतम अदाणी और उनके सहयोगियों के खिलाफ अमेरिकी अभियोजकों द्वारा लगाए गए आरोपों पर प्रतिक्रिया दी। व्हाइट हाउस की प्रेस सचि कैरीन जीन-पियरे से एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पूछा गया कि क्या इन आरोपों से दोनों देशों के संबंधों पर कोई असर पड़ेगा, तो उन्होंने कहा, हम इन आरोपों से अवगत हैं और इसके बारे में अधिक जानकारी के लिए आपको सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) और न्याय विभाग (डीओजे) से संपर्क करना होगा।

### अदाणी समूह पर क्या आरोप हैं?

अदाणी समूह पर आरोप हैं कि उसने कथित तौर पर सौर उर्जा




अनुबंधों के लिए 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 2,100 करोड़ रुपये) रिश्वत दी थी, जिसके बाद के बाद अमेरिकी अभियोजकों ने जांच शुरू की है। हालांकि, व्हाइट हाउस ने इस मुद्दे पर अधिक विवरण देने से इनकार किया और यह भी कहा कि इस मामले के बारे में सही जानकारी एसईसी और न्याय विभाग ही दे सकते हैं।

### 'आरोपों से द्विपक्षीय संबंधों पर नहीं पड़ेगा असर'

जीन-पियरे ने जोर देकर कहा कि अमेरिका और भारत के संबंध बेहद मजबूत हैं और इन आरोपों का उनके द्विपक्षीय संबंधों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

### नेतन्याहू के खिलाफ आईसीसी के वारंट पर भी दी प्रतिक्रिया

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव ने इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) की ओर से जारी गिरफ्तारी वारंट पर भी प्रतिक्रिया दी। जीन-पियरे ने कहा, हम इस अदालत के फैसले को पूरी तरह से खारिज करते हैं। हम जल्दबाजी में गिरफ्तारी वारंट जारी करने और फैसले तक पहुंचने में हुई प्रक्रिया की त्रुटियों को लेकर चिंतित हैं।

## रूस ने उत्तर कोरिया को दीं एंटी-एयर मिसाइलें


### बदले में मिले 10000 से अधिक सैनिक

**सिओल ।** रूस ने उत्तर कोरिया को एंटी-एयर मिसाइल और अन्य हथियारों की आपूर्ति की है, बदले में उत्तर कोरिया ने अपने सैनिक भेजे हैं। उत्तर कोरिया ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस की मदद के लिए अपने 10 हजार से अधिक सैनिक रूस भेजे हैं। दक्षिण कोरिया के एक शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

### 'परमाणु तकनीक उत्तर कोरिया को हस्तांतरित कर सकता है रूस'

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रीय सुरक्षा निदेशक शिन वोंसिक ने शुक्रवार को एक टीवी कार्यक्रम में बताया कि रूस ने उत्तर कोरिया की वायु रक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए उसे एंटी-एयर मिसाइलों और अन्य उपकरणों की आपूर्ति की है।

शिन के मुताबिक, रूस ने उत्तर कोरिया को आर्थिक मदद भी दी है। सिओल और वॉशिंगटन को इस बात को लेकर चिंता है कि रूस अपनी संवेदनशील परमाणु और मिसाइल तकनीक भी उत्तर कोरिया को हस्तांतरित कर सकता है।



'13000 से ज्यादा तोपखाने भेज चुका उत्तर कोरिया' दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने बुधवार को कहा था कि उत्तर कोरिया ने हाल ही में रूस को अतिरिक्त तोपखाना प्रणाली भी भेजी हैं। पिछले महीने राष्ट्रीय खुफिया सेवा ने कहा था।

दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने बुधवार को कहा था कि उत्तर कोरिया ने हाल ही में रूस को अतिरिक्त तोपखाना प्रणाली भी भेजी हैं। पिछले महीने राष्ट्रीय खुफिया सेवा ने कहा था कि उत्तर कोरिया ने अगस्त 2023 से अब तक रूस को 13 हजार से अधिक कंटेनर तोपखाने, मिसाइल और अन्य पारंपरिक हथियार भेजे हैं, ताकि रूस के हथियार भंडार को भरने में मदद की जा सके। इस हफ्ते की शुरूआत में उत्तर कोरिया और रूस ने प्योंगयांग में उच्च स्तरीय वार्ता के बाद आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए एक नया समझौता किया था। इसकी जानकारी दोनों देशों के सरकारी मीडिया ने दी थी।

## गूगल प्रतिद्वंद्वियों से साझा करे डाटा सर्च इंजन क्रोम और एंड्रॉयड को बेचे

**वॉशिगटन ।** अमेरिकी जिला जज अमित मेहता के अगस्त में गूगल को एकाधिकारवादी करार देने के बाद, बाइडन प्रशासन ने बुधवार को 23 पन्नों का दस्तावेज कोर्ट में दाखिल कर सजा के लिए व्यापक बिंदु सुझाए हैं। अमेरिकी विनियमकों ने गूगल को पांच साल तक ब्राउजर बाजार में फिर प्रवेश करने से रोकने का भी सुझाव दिया है। यह भी कहा कि अगर इन उपायों से एकाधिकार खत्म न हो और प्रतिस्पर्धा बहाल न हो तो गूगल को उसका एंड्रॉइड मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम बेचने को भी कहा जा सकता है।

### गूगल की सजा पर वाशिंगटन में होगी सुनवाई

गूगल की सजा पर वाशिंगटन, डीसी कोर्ट की सुनवाई अप्रैल में होनी है। जिला जज अनिल मेहता लेबर डे से पहले अंतिम फैसला सुनाना चाहते हैं। अगर सरकार की सिफारिशें मानी गईं तो गूगल को अंतिम फैसले के छह महीने में



16 साल पुराने क्रोम ब्राउजर को बेचने पड़ेगा और उसका 300 अरब डॉलर का सम्राज्य खत्म हो जाएगा।

वकीलों ने कहा कि गूगल को अमेरिकी सरकार से स्वीकृत खरीदार को क्रोम बेचने को कहा जाना चाहिए। क्रोम की बिक्री महत्वपूर्ण सर्च एक्सेस पॉइंट पर गूगल के नियंत्रण को स्थायी रूप से रोक देगी। इससे प्रतिद्वंद्वी सर्च इंजनों को ब्राउजर तक पहुंचने का मौका मिलेगा। इसी तरह गूगल को सरकार से मंजूर खरीदार को एंड्रॉयड बेचने को भी कहा जा सकता है। यदि गूगल एंड्रॉयड पर नियंत्रण बनाए रखना चाहे लेकिन उपायों का पालन न करे तो सरकार एंड्रॉयड बेचने के आदेश के लिए अदालत का रुख कर सकती है। गूगल के ब्राउजर स्वामित्व पर पांच साल का प्रतिबंध लगे अमेरिकी विनियामक ने कहा कि क्रोम की बिक्री के बाद गूगल पर पांच साल तक किसी ब्राउजर का स्वामित्व रखने पर प्रतिबंध लगना चाहिए। उसे किसी सर्च या सर्च टेक्स्ट विज्ञापन प्रतिद्वंद्वी, खोज वितरक, या प्रतिद्वंद्वी क्वेरी-आधारित एआई उत्पाद या विज्ञापन तकनीक में किसी भी तरह का निवेश करने से भी रोका जाना चाहिए।

# वायु गुणवत्ता में हो सुधार, सार्वजनिक स्थलों पर नगर निगम ने कराया पानी का छिड़काव

## वायु प्रदूषण की रोकथाम हेतु पानी के छिड़काव से राहत - नगर आयुक्त






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** बढ़ते वायु प्रदूषण को रोकने के लिए नगर निगम जलकल विभाग द्वारा नियमित पानी का छिड़काव कराया जा रहा है। सार्वजनिक स्थल, अस्पताल, रेलवे स्टेशन, धार्मिक स्थल, बस अड्डे, व अन्य स्थानों पर जहां आवागमन अधिक बना रहता है वहां भी पानी का छिड़काव कराया जा रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निगम अधिकारियों को कार्यवाही की मॉनिटरिंग बढ़ाने के लिए भी आदेश दिए हैं। जलकल विभाग की टीम हो रहे पानी के छिड़काव के लिए ग्राउंड लेवल पर जाकर कार्य कर रही है। वायु प्रदूषण को काम करने के लिए रूट निर्धारित करते हुए पानी का छिड़काव कराया जा रहा है। वॉटर स्प्रिंकलर मुख्य मार्गो को कवर कर रहे हैं। वहीं सार्वजनिक स्थलों को कवर करते हुए सीवर जेट्टिंग मशीन तथा पानी के टैंकरों के माध्यम से तेजी से कार्यवाही कराई जा रही है। लगभग 25 टैंकरों के माध्यम से तथा पांच अन्य मशीनों के माध्यम से पानी का छिड़काव कराया जा रहा है।

हवा में शुद्धता लाने के लिए गाजियाबाद नगर निगम जन सहयोग के लिए भी अपील कर रहा है। नगर आयुक्त भी शहरवासियों से अपने घरों के आसपास प्रतिष्ठानों के आसपास पानी के छिड़काव की अपील की जा रही है। क्षेत्रीय पार्षदों का भी निगम को सहयोग मिल रहा है। पानी के छिड़काव से क्षेत्र वासियों को भी राहत मिल रही है।

### 40 साल पहले कांग्रेस ने सिख परिवारों को जो आंसू दिए थे उनको

# देश के प्रधानमंत्री ने पोछने का काम किया है : इंद्रजीत सिंह टीटू






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार को दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सैना ने 1984 कत्लेआम पीड़ित परिवारों को सरकारी नौकरियों के नियुक्ति पत्र वितरित किये। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह टीटू ने इस कार्य को सराहनीय कदम बताया है। उन्होंने कहा कि 1984 में पूरे भारत में सिख समाज के साथ जो दर्दनाक घटना हुई थी वह कभी समाज भूल नहीं सकता लेकिन पीएम मोदी ने सभी परिवारों का दर्द समझा और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सरदार मनिंदरजीत सिंह सिरसा ने इसमें एक अच्छी भूमिका निभाई और यह दिन आया। प्रधानमंत्री मोदी ने इन सभी उम्मीदवारों को उम्र और योग्यता की छूट देकर ये ऐतिहासिक फैसला लिया गया है। इंद्रजीत सिंह टीटू ने कहा कि मैं पूरे सिख समाज और गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा की कमेटी की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का और भाजपा के राष्ट्रीय सचिव मनिंदरजीत सिंह सिरसा का धन्यवाद करता हूँ। इस सराहनीय कार्य के लिए कि उन्होंने पीड़ित परिवारों को न्याय और सम्मान दिलाने के लिए इस तरह के मानवीय कदम उठाए हैं।

## पांच दिवसीय शूटिंग चैंपियनशिप का हुआ समापन, 300 खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भागीरथ पब्लिक स्कूल में आयोजित पांच दिवसीय शूटिंग चैंपियनशिप कमला स्कूल मेमोरियल फोर्थ जेम फॉर गाजियाबाद का समापन हो गया। 10 मीटर एयर पिस्टल एनआर मैन वूमेन में भव्यांश फरीदाबाद प्रथम रहे। उन्हें 7100 रुपए व ट्रॉफी दी गई। द्वितीय स्थान पर रहने वाले वंश खत्री सोनीपत को 5100 रुपए व ट्रॉफी दी गई। 10 मीटर एयर पिस्टल आईएसएसएफ मैन व वूमेन में दक्ष चौधरी प्रथम रहे। उन्हें 11000 रुपए व ट्रॉफी मिली। द्वितीय स्थान पर आए अनमोल जैन फरीदाबाद को 7100 रुपए ट्रॉफी मिली। 10 मीटर एयर राइफल एनआर मैन वूमेन में निहारिका अलवर प्रथम रही व 5100 रुपए के साथ ट्रॉफी जीती। मणिकांत शर्मा देवबंद द्वितीय ने 3100 रुपए के साथ ट्रॉफी जीती। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक रहीस मलिक एवं डॉ. बी. जमां ने मुख्य अतिथियों को स्मृति चीन देकर का स्वागत किया। मुख्य अतिथि इंटरनेशनल शूटिंग कोच डॉ राजपाल सिंह, भागीरथ पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर अनादि सुकुल, डॉ बी जमान व केमकुस कॉलेज आफ लॉ के डायरेक्टर करुणाकर सुकुल ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली के लगभग 300 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।




## दो लाख की एनफील्ड हंटर लूटने वाले बदमाशों से हुई पुलिस की मुठभेड़, दो गिरफ्तार



### मुठभेड़ में बदमाश गिरफ्तार

करंट क्राइम। एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया है कि अंकुर विहार थाना प्रभारी रामगोपाल पुलिस टीम के साथ गस्त कर रहे थे। इसी दौरान दो संदिग्ध आते दिखाई दिए। रोकने का प्रयास किया तो पुलिस पर फायरिंग कर दी। जिसके बाद पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए दोनों को घेर कर दबोच लिया। आरोपियों से लूट की रॉयल एनफील्ड हंटर बाइक दिल्ली नंबर बरामद कर ली गई है।

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** अंकुर विहार थाना पुलिस ने कुछ ही घंटे के भीतर बदमाशों द्वारा एनफील्ड हंटर बुलेट मोटरसाइकिल लूट के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। बरामद बुलेट की कीमत दो लाख के आसपास की बताई जा रही है। एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा ने बताया है कि पुलिस ने शान मोहम्मद उर्फ अमन निवासी ट्रॉनिका सिटी और फैसल उर्फ रेहान को गिरफ्तार किया है। दोनों की उम्र 25 और 24 साल है। पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध दिल्ली में लूट और गाजियाबाद में अवैध तमंचा रखने का मुकदमा पूर्व में दर्ज है।

### स्वागत



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने दिल्ली में बीजेपी केंद्रीय कार्यालय पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की और उनका स्वागत अभिनंदन किया।

### हवन पूजन




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा के लघु उद्योग प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक राजू पांचाल ने पटेल नगर में बीजेपी उम्मीदवार संजीव शर्मा की जीत की कामना करते हुए हवन किया। इस हवन पूजन में बीजेपी उम्मीदवार संजीव शर्मा ने भी आहुति दी। इस हवन पूजन समारोह में पटेल नगर सेकंड के स्थानीय लोग भी शामिल हुए। सभी ने संजीव शर्मा के भारी बहुमत से जीत की कामना करते हुए पूजन किया।

### चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इसमें कोई शक नहीं कि नदिया पार की मैडम रावत ने चुनाव में पूरी शिद्दत से निभाई अपनी ड्यूटी? हमने देखा वो लगातार चुनाव प्रचार में लाईन पार में लेकर पहुंच रहीं थी अपनी स्कूटी? मगर जब साबरमती को दिखाने का आया टाइम? तब उनके साथ मामला नहीं हुआ फाईन? ले जाने वाले लेकर नहीं गये उनको अपने साथ? फिर क्या था सोशल मीडिया पर आकर मैडम रावत ने दिल खोलकर रख दिये अपने जज्बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि गोपाल जी हैं अग्रवाल जी के सिस्टम में डॉयरेक्टर? समझ लो अग्रवाल जी ने ही करना है अध्यक्ष पद वाली दावेदारी को लेकर उनका मामला प्रोड्यूज? हमें अंदर से पता चली है बात? इस मामले में अग्रवाल जी और गर्ग साहब के हैं एक से ही जज्बात? रिजल्ट के बाद गर्ग साहब और अग्रवाल जी का मिलना है गोपाल जी को आशीर्वाद? स्क्रिप्ट पूरी तरह तैयार है, बस थोड़ा सा इंतजार करें आप?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बैठे-बैठे एक भाजपाई ने छेड़ दी मीटिंग में बात? कहा भाजपा के यादव, जाटव और मुस्लिम चेहरे क्या रखेंगे अपना रिपोर्ट कार्ड? हम तो रख रहे हैं इस बात पर नजर? भाजपा के लिए इन बिरादरियों ने की है कितनी फिकर? बूथ पर पड़ी वोटों से हो जायेगा सब कुछ क्लियर? भाजपा के इन बिरादरी वाले चेहरों के कहने पर बिरादरी के ब्रदर्स ने की है चुनाव में पार्टी की कितनी फिकर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भाजपा में चुनाव के दौरान हुई थी तीन ज्वाईनिंग? इस ज्वाईनिंग के दौरान नहीं थे मौके पर महानगर अध्यक्ष मौजूद? इसलिए इस ज्वाईनिंग को लेकर हम हैं फिलहाल बहुत ज्यादा कन्फ्यूज? टपलू भैया, पंडित जी और यादव जी की ज्वाईनिंग को लेकर हो रहा है हमको डाउट? अब तो अध्यक्ष जी ही इस मामले में क्लियर नोटिफिकेशन कर सकते हैं आउट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि सभी जिलों की सक्रिय सदस्यता पार्टी कार्यालय पर लिस्ट टांग कर अध्यक्ष के साईन से हो गई है जारी? हम कर रहे हैं इस बात का इंतजार, कि कब आयेगी गाजियाबाद महानगर सक्रिय सदस्यता की घोषणा की बारी? क्या वर्तमान अध्यक्ष के साईन से ये वाली लिस्ट आयेगी बाहर? या फिर कोई नया अध्यक्ष आकर हस्ताक्षर मारेगा इस सूची पर यार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भाजपा के एक पूर्व अध्यक्ष ने दी है हमें अंदर से जानकारी? भगवा कमांडर खेल सकते हैं अध्यक्ष के तौर पर दो वर्ष की पारी? कहने वाले ने कहा पार्टी ने पिछली बार जो भी चेहरे किये हैं फिर से रिपीट? उन्हें दिया जायेगा पूरे तीन साल का कार्यकाल? जिसमें से फिलहाल एक वर्ष गया है बीत? देखना अब ये है कि पार्टी कितनी कायम रखती है अपनी ये रीत?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ में नया अध्यक्ष लाने की शुरू हो चुकी है तैयारी? कहने वाले कह रहे हैं कि मौजूदा जो संगठन में चेहरे हैं, उनमें से किसी को अध्यक्ष बनाने की चल रही है तैयारी? कहने वाले ने कहा ऐसा हुआ तो फिर जायेगा फिर से खेमाबंदी का संदेश? इसलिए योजना बन रही है कि गर्ग, कमांडर की गुडबुक से अलग होना चाहिए कोई फेस? अगर ऐसा नहीं हुआ तो आने वाला अध्यक्ष करेगा इन्हीं के कहने पर काम? फिर होगी गुटबंदी की चर्चा, फिर मचेगा घमासान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पूरे मान से करनी चाहिए पूर्व वालों को अध्यक्ष बनने की तैयारी? हमें पता चला है गर्ग साहब ने कहीं पर अपना साफ्ट कार्नर उनके लिए शब्दों से किया है जारी? कही है उन्होंने ये बात, पूरे मान से वो प्योर कार्यकर्ता हैं? अध्यक्ष पद पर बननी चाहिए उनकी बात? बहुत ही अच्छा लगता है हमको इस चेहरे का किरदार? ये किसी भी गुट में एडजस्ट नहीं होते? इसलिए इनकी लॉटरी खुलनी चाहिए इस बार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ के गुर्जर चेहरे हैं काफी जज्बाती? मगर कई बार उनके जज्बात उन पर ही पड़ जाते हैं भारी? हमने देखा बहुत दिनों से वो गर्ग साहब की नहीं कर रहे थे चर्चा? मगर चुनाव के ठीक बाद उन्होंने गर्ग साहब की फेसबुक पोस्ट को शेयर कर दिया है जारी? कहने वाले ने कहा कि वो समय के अनुसार बदल लेते हैं अपना किरदार? कभी कोई बाऊजी बन जाता है तो कभी कोई और बाऊजी बन जाता है यार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि उनका कुछ है ऐसा अंदाज? सच बतायें उनके चहरे से उनकी उम्र का पता ही नहीं चलता साहब? सुना है इस वक्त संभाल रहे हैं वो भगवा टीम में युवा वाली जिम्मेदारी? फिलहाल वो कर रहे हैं वो अपनी बिटिया की शादी की तैयारी? कहने वाले ने कहा कि उनकी उम्र को देखकर हमें होता ही नहीं है इस बात का एहसास? जो भी हो अब उनकी उम्र की जानकारी आनी चाहिए बाहर? क्या ससुर बनने के बाद भी वो निभायेंगे युवा वाली टीम में किरदार?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

### दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गोयल ने अपनी मैरिज एनिवर्सरी की गोल्डन जुबली मनाई। 53वीं मैरिज एनिवर्सरी पर उन्होंने अपनी पत्नी सुदेश रानी के जीवन संगिनी होने पर गर्व किया। इस खुशी को अशोक गोयल ने फेसबुक पर साझा किया उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।